अषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष 20 वर्ष, अंक 208 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 23 जुलाई 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

स्थायी सुख, शान्ति व निर्भय वातावरण के लिए "क्रियायोग अभ्यास करें" सत्य की अनुभूति में सभी प्रकार के क्लेश हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि क्रियायोग के द्वारा हम सत्य से जुड़ जाते हैं। ज्ञान, शक्ति, शान्ति, आनन्द, नाम-यश, धन आदि के लिए मनुष्य को दर-दर भटकना पड़ता है, और प्राप्त न होने पर मनुष्य में हिंसक प्रवृत्ति प्रकट होती है। क्रियायोग में भक्ति दृढ़ होने पर ज्ञान, शक्ति, शान्ति,आनन्द, धन आदि सब कुछ स्वयं मनुष्य के पास आ जाते हैं।

क्रियायोग प्राचीनतम् एवं नित्य नवीन पूर्ण विज्ञान है। ईश्वरीय नियमों के अनुसार कलिकाल में क्रियायोग का ज्ञान विलुप्त हो गया। आरोही द्वापर युग के आते ही मृत्युंजय अमर गुरु श्री महावतार बाबा जी द्वारा क्रियायोग को पुनर्जीवित कर पुनः परिष्कृत किया गया। उन्नीसवीं शताब्दी में महावतार बाबाजी ने क्रियायोग को लाहिड़ी महाशय जी के माध्यम से मानवजाति को दिया। क्रियायोग ही सनातन धर्म में वर्णित यज्ञ है। क्रियायोग ही वेदपाठ है। क्रियायोग अभ्यास से मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप "अहंब्रह्मास्मि" की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज
10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## पेगासस पर राज्यसभा में जमकर हंगामा

# आईटी मंत्री जवाब के लिए उठे तो टीएमसी सांसदों ने फाड़े पन्ने, बीजेपी सांसदों संग भिड़े

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इजराइली सॉफ्टवेयर पेगासस से कथित तौर पर 300 भारतीयों की जासूसी के आरोपों को लेकर गुरुवार को भी संसद में जमकर हंगामा हुआ। गुरुवार जब आईटी मंत्री अश्वनी वैष्णव इस मामले पर बयान देने के लिए उठे तो तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होंने पन्ने भी फाड़े और आसन की ओर उछाल दिया। टीएमसी सांसद शांतनु सेन ने तो मंत्री के हाथ से भी पन्ने छीनकर फाड़ डाले। इस बीच, सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। हालांकि, हंगामा लगातार जारी रहा। बीजेपी और टीएमसी के सांसद भिड़ गए। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और सेन के बीच तीखी बहस हुई। नौबत यहां तक पहुंच गई कि मार्सलों को हस्तक्षेप करना पड़ा।हंगामे के कारण वैष्णव अपना बयान ढंग से नहीं दे सके। उन्हें इसे सदन के पटल पर रखना पड़ा। दो बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही




आरंभ हुई उपसभापति हरिवंश ने बयान देने के लिए वैष्णव का नाम पुकारा। इसी दौरान विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। वैष्णव ने बयान की शुरुआत की ही थी कि हंगामा और तेज हो गया। हंगामे के कारण उनकी बात नहीं सुनी जा सकी। उपसभापति ने विपक्षी दलों के रवैये को 'असंसदीय' करार दिया और केंद्रीय मंत्री से बयान को सदन के पटल पर रखने का आग्रह किया।अलग-अलग मुद्दों पर विभिनन्न दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण राज्यसभा में कामकाज नहीं हो पाया। शून्यकाल और प्रशन्काल नहीं चल सके। सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही देर बाद दोपहर बारह बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। दोपहर 12 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही आरंभ हुई उपसभापति हरिवंश ने प्रशन्काल के लिए सदस्य का नाम पुकारा लेकिन विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। उपसभापति ने कहा, ''प्रशन्काल सदस्यों के सवाल के लिए है...सवाल जवाब सदस्यों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है...आप सदन नहीं चलाना चाहते...आप अपने-अपने स्थान पर जाए। इसके बाद भी सदस्यों का हंगामा जारी रहा। सदन में हंगामा थमते न देख, उपसभापति ने सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी।

सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति एम वेंकैया नायडू ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इसी दौरान कांग्रेस सदस्य दिग्विजय सिंह ने मीडिया समूह दैनिक भास्कर के विभिनन्न परिसरों पर आयकर विभाग के छापों का मुद्दा उठाने का प्रयास किया वहीं तृणमूल कांग्रेस सदस्यों ने कथित जासूसी से जुड़ा मुद्दा उठाने का प्रयास किया। लेकिन सभापति ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी और कहा कि किसी भी मुद्दे को उठाने के लिए आसन की अनुमति की जरूरत होती है। इस बीच, अन्य सदस्यों ने अलग-अलग मुद्दों को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। कुछ सदस्य अपने स्थान से आगे भी आ गए। नायडू ने सदस्यों से अपने स्थानों पर लौट जाने और सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की। हंगामे के बीच उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि कुछ सदस्य नहीं चाहते कि सदन में लोगों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाए।

## अल्पसंख्यकों की सूची में मुस्लिम और ईसाईयों को रखने पर फिर से विचार करे केंद्र सरकार, केरल एचसी में याचिका दायर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरल हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर अदालत से गुहार लगाई गई है कि वो केंद्र सरकार को आदेश दे कि वो मुसलमानों और ईसाइयों को




अल्संख्यक का दर्जा दिये जाने पर फिर से विचार करे। इस मामले में दलीलें सुनने के बाद अदालत ने कहा कि वो आदेश जारी करेगी। दरअसल उच्च न्यायालय में बृहस्पतिवार को दायर एक जनहित याचिका में आग्रह किया गया कि केंद्र को इस बारे में पुनः आकलन करने का निर्देश दिया जाना चाहिए कि क्या राज्य में मुसलमानों और ईसाइयों को अल्पसंख्यकों की सूची में लगातार बनाए रखने की आवश्यकता है।मुख्य न्यायाधीश एस मणिकुमार और न्यायमूर्ति शाजी पी चाली की पीठ ने याचिकाकर्ता संगठन 'सिटिजन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेसी, ईक्वालिटी, ट्रूँ क्वालिटी एंड सेकुलरिज्म (कैडेट्स) की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह मामले में आदेश जारी करेगी। कैडेट्स की ओर से पेश अधिवक्ताओं-सी राजेंद्रन और के. विजयन ने दलील दी कि केरल में अल्पसंख्यकों की सूची को फिर से निर्धारित किए जाने की आवश्यकता है और इसके लिए राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को निर्देश दिया जाना चाहिए। संगठन ने दावा किया कि केरल में मुसलमानों और ईसाइयों ने सामाजिक-आर्थिक और शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक प्रगति की है तथा इसलिए उनके अल्पसंख्यक दर्जे को पुनः निर्धारित किए जाने की आवश्यकता है और उन्हें कोई विशेष प्राथमिकता नहीं दी जानी चाहिए।

## महाराष्ट्र में भारी बारिश और बाढ़ को लेकर पीएम मोदी ने सीएम उद्धव ठाकरे से की बात, हर संभव मदद का दिया भरोसा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में भारी बारिश की वजह से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में हो रही भारी बारिश और वहां बाढ़ की स्थिति पर राज्य के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से बातचीत की है। प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के सीएम को केंद्र की तरफ से हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

साथ ही साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस आपदा में फंसे लोगों के सुरक्षित होने की कामना भी की है। भारी बारिश की वजह से मुंबई सहित राज्य के कई हिस्सों में रेल और सड़क यातायात प्रभावित हुआ है। बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की टीम को बुलाना पड़ा है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने आपात बैठक बुलाकर बारिश की वजह से बाढ़ की स्थिति का जायजा भी लिया है। उन्होंने संबंधित विभागों और एनडीआरएफ की टीम को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने और राहत तथा बचाव कार्य में तेजी लाने का निर्देश भी दिया है।

पुणे जिले में बृहस्पतिवार को भारी बारिश से कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ और ऊपरी गामी सेतु तथा सड़कें टूट गईं, लेकिन किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि पुणे शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक मुख्य बांध से पानी छोड़ा जा रहा है क्योंकि पिछले कुछ दिनों से मूसलाधार बारिश के कारण इसके जल ग्रहण वाले क्षेत्रों में भंडारण क्षमता 85 फीसदी तक भर चुकी है। उन्होंने कहा कि भूस्खलन एवं जलभराव की समस्या के कारण यातायात बाधित हुआ और कई स्थानों पर यातायात को रोकना पड़ा।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पुणे के लिए 'रेड अलर्ट जारी किया था, जिसे कई स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया गया था। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया, ''अंबेगांव तहसील के कोल्टेवाडी गांव में भूस्खलन की एक घटना हुई जिससे मुख्य मार्ग बंद हो गया। दिम्भे, कांसे, उगलेवाडी और गोहे गांवों में पानी से धान के खेत भर गए। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण विभिनन्न छोटी नदियों पर बने ऊपरी गामी सेतु भी क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारी ने बताया कि भोर तहसील में वारंधा घाट सेक्शन पर म्हाड रोड के पास भूस्खलन हो गया।

## हिमाचल प्रदेश में स्कूल खुलने को लेकर आ गया आदेश, 2 अगस्त से खुलेंगे 10वीं और 12वीं के स्कूल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में स्कूल खुलने को लेकर आदेश जारी हो चुके हैं। गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कैबिनेट की मीटिंग में इसको लेकर फैसला किया। इसके मुताबिक 10वीं, 11वीं और 12वीं तक की क्लासेज दो अगस्त से शुरू हो जाएंगी। वहीं पांचवीं से आठवीं के छात्रों को अगर किसी विषय में जरूरी मदद चाहिए तो वह भी 2 अगस्त से स्कूल आ सकेंगे। हालांकि इस दौरान कोरोना गाइडलाइंस का पूरी तरह से पालन करना होगा। इस मीटिंग के दौरान कोचिंग, ट?यूशन और ट्रेनिंग संस्थानों को लेकर भी फैला लिया गया। कैबिनेट के फैसले के अनुसार यह सभी 26 जुलाई से खुल जाएंगे। हालांकि इस दौरान कोरोना से संबंधित सभी गाइडलाइंस को फॉलो करना होगा। मास्क और सेनेटाइजर का इस्तेमाल पूरी तरह से अनिवार्य होगा। गौरतलब है कि कोरोना के चलते देशभर के स्कूल, कोचिंग इत्यादि लंबे समय से बंद हैं।

## ब्रदीनाथ मंदिर परिसर में नमाज अदा करते मुस्लिम युवकों का वीडियो वायरल होने से तनाव, 15 लोगों पर केस दर्ज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ मंदिर में कुछ मुसलमानों द्वारा कथित तौर से नमाज पढ़े जाने का वीडियो वायरल होने के बाद यहां तनाव की स्थिति बन गई है। ,बताया जा रहा है कि ईद-उल-अजहा के मौके पर प्रसिद्ध बद्रीनाथ मंदिर परिसर में कुछ मुसलमानों ने कथित तौर से नमाज अदा किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। यहां पुलिस ने जानकारी दी है कि सोशल मीडिया पर यह पोस्ट बुधवार से ही नजर आ रहा है। चमोली के पुलिस अधीक्षक यशवंत सिंह चौहान ने इस घटना पर कहा कि 'सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हुआ है उसमें नजर आ रहा है कि कई मुसलमान बद्रीनाथ मंदिर परिसर में नमाज अदा कर रहे हैं।' पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी है कि वायरल पोस्ट पर नजर पड़ते ही स्थानीय पुलिस की एक टीम तुरंत इन आरोपों की जांच में जुट गई। पुलिस ने



बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई है।जिले के शीर्ष पुलिस अधिकारी ने यहां जानकारी दी है कि शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि 15 मुस्लिम श्रमिक हरिंदर सिंह नाम के एक कॉन्ट्रैक्टर के अंदर काम करते हैं। यह सभी मजदूर मंदिर से करीब 1 किलोमीटर दूर स्थित एक पार्किंग फैसिलिटी प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे। पुलिसिया जांच में यह भी सामने आया है कि सभी मजदूर प्रोजेक्ट साइट पर ही रह रहे थे क्योंकि वहां निर्माण में इस्तेमाल होने वाली काफी सामग्रियां रखी गई हुई थीं। ईद-उल-अजहा के मौके पर उनलोगों ने वहीं पर सुबह 7 बजे नमाज अदा किया था। उन्होंने ना तो किसी भी सार्वजनिक स्थल पर नमाज अदा किया था और ना ही किसी मौलाना को बाहर से नमाज अदा करने के लिए बुलाया गया था। पुलिस ने आगे जानकारी दी है कि कॉन्ट्रैक्टर और मजदूरों के खिलाफ भीड़ जुटाने और सोशल डिस्टेन्सिंग का उल्लंघन करने के आरोप में आपदा प्रबंधन एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया है कि स्थानीय नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष ऋषि प्रकाश सति और उनके सहयोगियों की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया है।





















# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट वृद्धा का टूटा पैर



**अखंड भारत संदेश**

**बहरिया।** महुली ग्राम सभा निवासी राम अवध यादव पुत्र गयादीन को उनके पड़ोसियों ने पुरानी रंजिश को लेकर बुरी तरीके से पीटा। जिसमें उनका एक पैर टूट गया।

मिली जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार दिन में राम अवध अपने खेत में खास उखाड़ रहे थे।कि उनके गांव के ही बंसीलाल मौर्य पुत्र राम देव व अंशु पुत्र बंसीलाल तथा उनकी पतने पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगी।राम अवध ने जब इसका विरोध किया।तो वे सब एक राय होकर उनको लाठी-डंडों से पीटने लगे। जिसमें राम अवध का एक पैर घुटने के नीचे से फैक्चर हो गया।हल्ला गुल्ला सुनकर पास पड़ोस के खेतों में काम करने वाले गांव वासी टूट पड़े।तो बंसीलाल अपने पुत्र और पतने के साथ घटनास्थल से भागने लगे।

जाते-जाते उन्होंने रामअवध से कहा कि यदि इसकी शिकायत तुम कहीं भी करोगे तो तुम जान से हाथ धो बैठोगे इतना कहते हुए भाग निकले गांव वालों ने 112 डायल करके पुलिस को सूचना दी।सूचना पाकर बहरिया थाने की पुलिस राम अवध को अपने साथ थाने लाकर प्राथमिक उपचार हेतु मैलहा सीएससी भेजकर जांच के उपरांत मुकदमा पंजीकृत करने का आश्वासन दिया।

## दबंगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट कई घायल

**अखंड भारत संदेश**



**बहरिया।** बहरिया थाना क्षेत्र के रुहेरा निवासी राम मूरत यादव पुत्र गिरधारी लाल बृहस्पतिवार की सुबह अपने परिवार के साथ घर के अंदर बैठा था।की गांव के दबंग किस्म के व्यक्ति पुरानी रंजिश को लेकर घर पर चलकर गाली गुप्ता देने लगे जब घर के बाहर कोई नहीं निकला तो स्वर्ण सिंह दिवाकर सिंह राजेश पुत्रगढ करण सिंह जोकि दबंग किस्म के व्यक्ति हैं।राम मूरत के अंदर घर में घुस कर उनको तथा उनकी बेटी साक्षी अल्पना और पतने शीला देवी तथा छोटे भाई की शिवमूरत को लाठी-डंडों से जमकर पीटा।जिसके कारण राम मूरत के दोनों बेटियों तथा पतने का सिर फट गया। भाई शिवमूरत को भी गंभीर चोटे आई।किसी तरह से राम मूरत अपने परिवार को बचते बचाते हुए थाना बहरिया ले आया और लिखित तहरीर दी। बहरिया पुलिस ने घायलों को सर्वप्रथम उपचार हेतु सी एस सी मैलहा भेज कर विभिनन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत अग्रिम कार्यवाही कर रही है।

## बड़े गुनाहों की छोटी सजा देकर दोषी पुलिस कर्मियों को बचाने में लगे उच्चाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** चरवा थाना क्षेत्र के बरियावा चौकी इंचार्ज अरुण कुमार मौर्य अवैध वसूली में नाकामयाब हो जाने पर एक दलित युवक को चौकी के अंदर अर्धनगन कर बेरहमी से पिटाई कर दिए और अपने बचाव की खातिर पीडि़त व्यक्ति का धारा 151 में चालान भी कर दिया। इस मामले को लेकर लगातार दो दिन से अखंड भारत संदेश समाचार पत्र में खबर चल रही थी। अत्यधिक दबाव पड़ने पर उच्चाधिकारी को चौकी इंचार्ज और एक सिपाही को मजबूरी में लाइन हाजिर करना पड़ा। जबकि दोषी पुलिस कमिन्यों को निलंबित कर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने के बाद पीडि़त कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग की है लेकिन ऐसा नहीं हुआ आखिर क्यों जो लोगों के बीच में चर्चा का विषय बना हुआ है। दलित युवक की पिटाई के मामले में चौकी इंचार्ज अपने आपको फसता हुआ देख कर कुछ तथाकथित लोगों का सहारा लिया और उक्त तथाकथित लोगों ने चौकी इंचार्ज के बचाव में चश्मदीद बनकर दोषी पुलिस कमिन्यों के बचाव में झूठी बयानबाजी करने उतर आए लेकिन उनके मंसूबों पर अखंड भारत संदेश की खबर ने पानी फेर दिया।अंततः चौकी इंचार्ज और एक सिपाही को लाइन हाजिर होना पड़ा। अब यहां तमाम सवाल लोगों के जेहन में उत्पनन हो रहे हैं कि क्या दोषी पुलिस कमिन्यों के ऊपर भारतीय संविधान लागू नहीं होता है जिससे उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही नहीं की गई है या फिर लाइन हाजिर के नाम पर दोषी पुलिस कमिन्यों को उच्चाधिकारी बचाने में लगे हों ऐसा भी हो सकता है। अवैध वसूली में नाकामयाब हो जाने पर निर्दोष दलित व्यक्ति को अर्धनगन कर बेरहमी से पिटाई करने के लिए क्या मानवाधिकार ने पुलिस कमिन्यों को खुली छूट दे रखी है जो निर्भीक होकर ऐसा बर्ताव करने लगते हैं, यह सभी सवाल लोगों के जेहन में कौंध रहा है।

## पुलिस और ग्रामीणों की मदद से कुएं में गिरा नीलगाय का बच्चा सव कुशल पूर्वक निकाला गया

**अखंड भारत संदेश**

**बहरिया।** थाना क्षेत्र के सिकंदरा चौकी अंतर्गत ग्राम सभा गोरापुर एक पुरानी कुएं में नील गाय का छोटा बच्चा अचानक गिर गया।ग्रामीण वासियों ने इसकी सूचना 112 नंबर और पुलिस चौकी सिकंदरा में दी।सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज सुभ नाथ साहनी ने तत्काल हेड कांस्टेबल आरिफ खान नंदलाल जावेद सिद्दीकी अमरनाथ को मौके पर तत्काल भेजा।मौके पर पहुंची सिकंदरा



चौकी की पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कुएं में रस्सी के सहारे चारपाई डालकर नील गाय के बच्चे को सव कुशल पूर्वक बाहर निकाल कर छोड़ दिया।वही ग्रामीणों ने चौकी सिकंदरा से आई हुई।पुलिस की शहराना करते हुए धन्यवाद दिया।

## प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत बहादुरगंज में बांटा गया निःशुल्क खाद्यान्न सामग्री

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** बहादुरगंज में गुरुवार को माननीया महापौर प्रयागराज अभिलाषा गुप्ता नन्दी जी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत बहादुरगंज स्थित कोटेदार विशाल कुमार स्थित निःशुल्क खाद्यानन जिसमे अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी के राशन कार्डों में सम्मिलित प्रत्येक सदस्यों को 5 किलो खाद्यानन निशुल्क (3 किलोग्राम गेहूं और 2 किलोग्राम चावल प्रति यूनिट) का वितरण योजना का मुख्य अतिथि के रूप में लोगो को खाद्यानन वितरण किया । इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी प्रयागराज श्री आनंद कुमार सिंह, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी श्रीजीत लाल यादव, श्रीमती ज्योति, राजाबाबू केसरवानी, सफाई निरीक्षक अश्विनी वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे ।



## सोशल आडिट में मिली गडबडी जांच के आदेश

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायतों में 2018 में कराए गए विकास कार्यों में ब्यापक पैमाने गडबडी पकडी गयी जिसको लेकर पुनः जांच के आदेश दिया गया है । गुरूवार को ब्लाक मुख्यालय करछना पर पूर्व में कराए गए कार्यो की सोशल आडिट करने पहुची जिलें से अशोक कुमार मैया जिला विकास अधिकारी टीम ने 2018 में कराए गए गांवो में विकास कार्य की जांच करने के दौरान कयी गांवो में प्रधानो द्वारा कराये गये कार्यो में खामियां मिली जिसको री जांच के आदेश दिए गए, साथ ही कुछ गांवो में शौचालय, आवास अधूरे कार्य पर रिकवरी करायें जाने की नोटिस जारी की गई ।इस मौके पर मनरेगा प्रभारी करछना मनीष शुक्ला, एन एन सिंह, रवि चंद पंचायत सचिव, सहित सभी ब्लाक कर्मी मौजूद रहे ।

## सांसद रीता जोशी के जन्मदिन पर बाबा सर्वेश तिवारी ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में आयोजित एक दिवसीय रक्तदान शिविर में 31 लोगों ने रक्तदान कर सांसद के दिर्घायु की कामना की।

**अखंड भारत संदेश**




**सिरसा/मेजा।** प्रयागराज की सांसद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी के जन्मदिन के अवसर पर यमुनापार विकास मंच के अध्यक्ष, युवातुर्क नेता सर्वेश तिवारी उर्फ बाबा तिवारी ने विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में किया। शिविर का शुभारंभ बाबा तिवारी ने स्वयं रक्तदान करते हुए किया।

उन्होंने कहा कि मेरा सर्वस्व मेजा की जनता के लिए है। रक्तदान से आप कई लोगों की जान बचा सकते है, ऐसी प्रेरणा से प्रेरित होकर मैंने आज इलाहाबाद की लोकप्रिय सांसद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी के जन्मदिन पर उनकी लम्बी उम्र की कामनाओं के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। व्यापार मंडल मेजारोड के महामंत्री ओपी पाण्डेय, धीरज श्रीवास्तव, लवकुश तिवारी, विकास शुक्ल शमशाद हुसैन, शरद उपाध्याय, प्रवीण कुशवाहा, ईश्वर गुप्त, मानसिंह यादव, राजबहादुर कुशवाहा, भरत कुशवाहा, संजय विश्वकर्मा, मुनन भारतीया, मुनन पटेल अरविंद तिवारी, विनोद सोनकर व रामशिरोमणि तिवारी सहित 31 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर के साथ ही ब्लड बैंक के डाक्टरों की टीम उपस्थित रही। इस पुनीत कार्य को क्षेत्रीय जनता में चर्चा बना है।

## एसडीएम ने पूर्व प्रमुख की पत्नी को सौंपा वरासत का कागजात

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़/प्रयागराज।** उपजिलाधिकारी बारा सौम्या गुरुरानी ने गुरुवार को विकास खंड शंकरगढ़ के पूर्व प्रमुख स्व. भारत सिंह के घर पहुंचकर वरासत से संबंधित कागजात उनकी पतने को सौंपा। तहसीलदार के साथ यहां पहुंची एसडीएम ने शोकाकुल परिवार को



ढांढस बंधाया और कहा कि परिवार को यदि किसी भी प्रकार की समस्या होतो तत्काल अवगत कराएं, उसका प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। एसडीएम बारा सौम्या गुरुरानी ने स्व. भारत सिंह की पतने व बच्चों से भी मुलाकात की और अपना फोन नंबर भी दिया। इस मौके पर तहसीलदार बारा, कानूनगो प्राची केसरवानी और लेखपाल गंगाप्रसाद भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि विकास खंड शंकरगढ़ के पूर्व प्रमुख भारत सिंह कोरोना की दूसरी लहर में कोविड पाजिटिव हो गए थे। शुरुआत में उनका उपचार घर पर ही चल रहा था। एक दिन उनकी तबियत बिगड़ी। इस पर सीएचसी के डाक्टरों ने उनके सेहत की जांच की और हालत को गंभीर देखते हुए एसआरएन के लिए रेफर कर दिया। एसआरएन में भर्ती करवाए जाने के कुछ घंटे बाद ही उनका निधन हो गया। भारत सिंह भारतीय जनता पार्टी से प्रमुख थे।

## वंदे भारत मिशन के तहत भारतीयों की मदद की प्रोफेसर मुख्तार ने


### कोविड 19 महामारी आक्रमण में सऊदी में कई भारतीयों को पहुंचवाए उनके वतन



**शहजादे**


**कोरांव/प्रयागराज।** भारतीय मूल प्रयागराज जिले के ग्राम छरीगणा निवासी प्रोफेसर मुख्तार अहमद खान ने सऊदी अरब में विभिनन समस्याओं से ग्रस्त पीडि़तों,श्रम और मजदूरी वीजा आदि समस्याओं से परेशान व फंसे लोगों की मदद के अलावा कोरॉना काल जो प्रथम लहर से दूसरी लहर के लाक डाउन में तकरीबन पांच हजार लोगों को वायु मार्ग द्वारा उनकी सहायता कर उनके वतन भेज चुके है,जिसका सिलसिला जारी है। प्रोफेसर खान मुख्तार अहमद जो सऊदी अरब में जजान यूनिवर्सिटी में बतोर प्रोफेसर कार्यरत हैं। और इनकी बेटी भी उक्त यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं।

कोविड 19 महामारी के आक्रमण के बाद भारत सरकार की योजना वन्दे भारत मिशन न्स् के तहत सऊदी से काफी भारतीयों को उनके घरों तक पहुंचाने में काफी सहायता की। प्रोफेसर मुख्तार खान के अनुसार सऊदी अरब की सरकार ने महामारी रोकने के लिए बहुत सख्त कदम उठाई। जिससे लोक डाउन के दौरान यात्राओं पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगा दिया था। जिससे भारत के लिए और



भारत से सामान्य उड़ानें भी बन्द कर दी गई थी। जो पूरी तरह से अभी भी उड़ानें शुरू नहीं हुई है। श्री खान की बातों पर यकीन करें तो उनके मुताबिक कोरोंना ने कुछ खुलासे भी किए है। जो जीवन अस्पस्ट व अनसुलझे रहस्य को छुपाता है।

फिलहाल ऐसे नेक दिल इंसान



की विदेश में दरियादिली और भारतीय दूतवास से सम्बन्ध और फंसे सऊदी अरब में भारतीयों की मदद किया जाना वायुयान द्वारा पेपर्स तैयार कराकर भारत भेजवाना एक साहसिक तथा नेक कार्य है। आगे भी निरन्तर समाज सेवाएं जारी रहेंगी।



## कौंधियारा के पत्रकारों को ब्लॉक प्रमुख की ओर से किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** कौंधियारा ब्लाक प्रमुख इंद्र नाथ मिश्र की ओर से पद और गोपनीयता की शपथ लेने के उपरांत जहां सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास की बात कही।

वही इसी दौरान उनके द्वारा क्षेत्र के सभी पत्रकार बंधुओं व मीडिया कमिन्यों को भी उन्होंने आभार व्यक्त किया । और पुष्पगुच्छ समर्पित कर सम्मानित किया । और कहां कि ग्राम पंचायत चुनाव के समय मीडिया कमिन्यों के द्वारा निष्पक्ष पत्रकारिता करते हुए जहां लोगों तक अपनी लेखनी व खबरों के माध्यम से क्षेत्र की बात पहुंचाई गई।

वही शपथ ग्रहण समारोह के कुछ देर बाद समारोह का कवरेज में मौजूद सभी पत्रकार बंधुओं का मंच पर ही पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। और निष्पक्ष पत्रकारिता करने के लिए सभी पत्रकारों का आभार जताया । ब्लाक प्रमुख के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किए जाने वाले पत्रकारों में वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल अलीम शास्त्री व पिंटू सिंह विनोद शुक्ला नावेद खान शनी यादव शैलेंद्र मिश्रा सुजीत कुमार द्विवेदी शिवम मिश्रा आदि पत्रकारों को सम्मानित किया गया ।

## मेजा क्षेत्र के समस्याओं के समाधान के लिए हर संघर्ष में देगे साथः बाबा सर्वेश तिवारी

**अखंड भारत संदेश**



**सिरसा/मेजा।** प्रयागराज क्षेत्रीय समस्याओं के लिये संघर्षरत युवाशक्ति संगठन के साथ पूरे मेजा तहसील के युवाओं को जुड़ना चाहिये। मेरा इस संगठन के हर सकारात्मक कार्यों के प्रति सदैव भरपूर समर्थन और सहयोग रहेगा। उक्त विचार माण्डाखास में गुरूवार सायं सांसद के निर्देश पर विकास कार्यों की समीक्षा करने आये भाजपा नेता बाबा तिवारी ने युवाशक्ति संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य के आवास पर बैठक के बाद व्यक्त किया। बाबा तिवारी ने यह भी कहा कि वे हर स्तर से मांडा क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिये युवाओं के साथ हमेशा अपना शह, सहयोग और समर्थन देते रहेंगे। युवाशक्ति संगठन के पदाधिकारियों ने जर्जर भरारी-राजापुर बाईपास मार्ग तथा 15 दिनों से खराब मांडा पेयजल समूह प्रथम से संबंधित सांसद के नाम एक ज्ञापन भी बाबा तिवारी को सौंपा। कार्यक्रम में विनायक शुक्ला, शशि भूषण द्विवेदी, सकलैन अली, सैफी, श्रीकांत मिश्रा, आलोक द्विवेदी, शुभम द्विवेदी, अरविंद सोनकर, आकाश सोनकर, रज्जू सिंह, अनिल कुमार पांडेय पूर्व बीडीसी, विशाल द्विवेदी, अरूण नयन द्विवेदी, शशिकांत मिश्रा आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## करछना में एसटीएफ टीम की बड़ी कारवाई

### जुआडियो के अड्डे पर छापा मार कर नगदी सहित कयी मोटरसाइकिले व मोबाइल बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** थाना क्षेत्र के टगहाकापुरा गांव में मुखबिर की सूचना पर करछना पुलिस एवं एसटीएफ की सयुक्त टीम एक जुए के अड्डे पर छापा मार कर नगदी तीन मोटरसाइकिल, तीन साईकिल एवं कयी मोबाइल फोन सहित छः लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया है ।बताया जा रहा है कि करछना थाना क्षेत्र के कयी जगहों पर शिकायत ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से किया था जिसको लेकर मुखबिर की सूचना पर कारवाई की गयी ।



## बिजली की करंट लगने से अधेड़ की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के वजीरपुर गांव में मंगलवार की दोपहर अपने ही घर में करंट की चपेट में आने से 45 वर्षीय अधेड़ किसान की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार संतोष कुमार तिवारी 45 वर्ष पुत्र स्वर्गीय दयाशंकर तिवारी निवासी वजीरपुर थाना थरवई मंगलवार की दोपहर खेत में धान की रोपाई कराने के बाद वह घर लौटे घर के सामने लगे टीन शेड में सीलिंग फैन लगा हुआ था। संभवतः फैन में लगा तार कहीं कटा हुआ था जो कि लोहे के पाइप में टच था जिसमें बिजली का करंट दौड़ रहा था।

## मनरेगा भुगतान के लिए मुख्यालय का गणेश परिक्रमा कर रहे हैं प्रधान

**मनरेगा मजदूरों की मुश्किलें बढ गई है मजदूरी के लिए प्रधान के घर पर दे रहे हैं दस्तक**

**करछना।** विकास खंड करछना में पंचायत चुनाव के बाद गांवो में कराए गए मनरेगा कार्य का भुगतान लम्बित है जिसको लेकर मनरेगा मजदूरों की मुश्किलें बढ गई है, बता दे कि पंचायत चुनाव के बाद बड़ी संख्या गांव के प्रधानो ने वृक्षारोपण का कार्य कराया था और गांवो नाली, साफ सफाई व कच्ची सडक मार्ग बनवाया था, महिनों बीत चुके हैं लेकिन रोज कमाने खाने वाले मनरेगा मजदूरों को उनकों मजदूरी अभी नहीं मिल पाई है ।सिस्टम की लापरवाही से भुगतान लम्बित है जिसको लेकर मनरेगा मजदूरों को मजदूरी दिलाने के लिए प्रधान ब्लाक मुख्यालय पर गणेश परिक्रमा कर रहे हैं ।



## प्रधान बसरिया के मौजूदगी में कोटेदार ने मुफ्त खाद्यायन्न के साथ बैग का किया वितरण

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** तहसील के अन्तर्गत आने वाले बसरिया में कोटेदार द्वारा गल्ले का वितरण किया गया करछना सरकार द्वारा गरीबों को राशन वितरण के दौरान इस बार एक बैग का वितरण किया जा रहा इसी क्रम में प्रयागराज जिले के अन्तर्गत आने वाले करछना तहसील के बसरिया गांव के कोटेदार ने आज मुफ्त गल्ले का वितरण किया और जो गरीब मजदूर है उन्हें भी गेहूं और चावल का वितरण किया इस दौरान गांव के प्रधान समर्जीत सिंह यादव और कोटेदार दिलीप कुमार सिंह के नेतृत्व में गल्ले का वितरण किया गया ।

# चलती ट्रेन से माँ ने एक साल के बेटे को पटरी पर फेंका, पिता ने कूदकर बचाई जान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में गुरुवार को एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यमुनापार के छिवकी जंक्शन पर चलती ट्रेन से महिला यात्री ने अपने एक साल के बच्चे को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। यह देख साथ में सफर कर रहे उसके पति ने चलती ट्रेन से छलांग लगा दी। उसने करीब 100 मीटर दूर पड़े बच्चे को दौड़कर गोद में उठा लिया। उसके बाद अस्पताल की तरफ भागा। मौके पर आरपीएफ और जीआरपी दोनों ही मौजूद थी। उन्होंने पिता के साथ उसके बच्चे को नजदीक के अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने बच्चे का प्राथमिक उपचार किया। इस वक्त बच्चे की हालत खतरे से बाहर है।

**घटना देख दंग रह गए लोग**

प्रयागराज मंडल के छिवकी जंक्शन से गुरुवार को सुबह 7.43 बजे जनता एक्सप्रेस (ट्रेन संख्याः 03201) मुंबई की तरफ जा रही थी। जिसमें चुनार, मिर्जापुर जनपद से कोच संख्या ँ2 में सीट संख्या 4‍ि 42 पर एक दम्पत्ति अपने एक साल के बच्चे के साथ सफर कर रहा था। ट्रेन जैसे ही छिवकी जंक्शन के प्लेटफार्म पर पहुंची। महिला ने खिड़की से अपसाइड (प्लेटफार्म के विपरीत रेलवे ट्रैक साइड) में अपने गोद मे लिए बच्चे को नीचे फेंक दिया। यह देख उसका पति चीखते हुए दौड़ा और चलती ट्रेन से कूद गया। तब तक बच्चा उससे करीब 100 मीटर दूर हो गया था।



पिता ने दौड़कर उसे गोद में उठा लिया। पति चीखते हुए दौड़ा और चलती ट्रेन से कूद गया। तब तक बच्चा उससे करीब 100 मीटर दूर हो गया था।

**बाल-बाल बची दो जिंदगियां**

गनीमत ये रही कि उस वक्त कोई ट्रेन नहीं आई। वरना पिता-पुत्र दोनों की जान जा सकती थी। बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया था। महिला का यह रूप देखकर बोगी के अंदर और उसके बाहर खड़े लोग सनन्‍ रह गए थे। आरपीएफ के सहयोग से जीआरपी ने बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हैरानी की बात ये कि कि बच्चे को फेंकने के बाद भी महिला ट्रेन से नहीं उतरी।

**चुनार से मुंबई जा रहा था बच्चे को लेकर दम्पत्ति**

पूछताछ में युवक ने अपना नाम शिवम सिंह (29) निवासी गुरुखुली, पड़री, मिर्जापुर बताया। उसकी पतनी का नाम अंशु सिंह है। जिसका पीएनआर नंबर 6552780 729 ऍ - थ्ऊऊ , की यात्रा कर रही थी। शिवम सिंह मुंबई में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। कोरोना काल में घर चला आया था। अब फिर से वह मुंबई जा रहा था।

**दूध पिलाने को लेकर हुआ था विवाद**

शिवम ने बताया कि उसकी पतनी अंशु की दिमागी हालत ठीक नही चल रही है। उसका इलाज चल रहा है। यात्रा के दौरान बच्चे को दूध पिलाने को लेकर पति-पतनी में झगड़ा हो गया था। उसी तैश में आकर अंशु ने बेटे शुभ को नीचे फेंक दिया।

**पारिवारिक मामला होने की वजह से दर्ज नहीं हुई एफआईआर**

छिवकी आरपीएफ इंस्पेक्टर जीएस उपाध्याय ने बताया कि पारिवारिक मामला होने के कारण जीआरपी और आरपीएफ ने कोई मामला पंजीकृत नहीं किया है। बच्चा खतरे से बाहर है।

## घूरपुर में तमंचा सटा 50 हजार नगदी सहित ट्रैक्टर छीन भागे

**घूरपुर।** इलाके के दांदूपुर स्थित हाईवे से बुधवार की रात ट्रैक्टर चालक को तमंचा सटा रखे पचास हजार नगदी समेत ट्रैक्टर छीन कर भाग निकले। पीड़ित ट्रैक्टर स्वामी ने थाने में शिक़ायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अद्योगिक थाना क्षेत्र के मौहारी गांव निवासी राजू भारतीय पुत्र लालाजी भारतीय का ट्रैक्टर कई माह पूर्व से घूरपुर थाने में सीज था । बुधवार के दिन ट्रैक्टर मालिक कोर्ट से ट्रैक्टर रिलीज करा घूरपुर थाने पहुंचा और ट्रैक्टर रिलीज कराकर चालक को दे अपने घर की ओर चल दिया ।अभी ट्रैक्टर घूरपुर के दांदूपुर हाईवे पर जा रहा था कि एक युवक ट्रैक्टर रोक तमंचा सटा ट्राली के लिए रखे पचास हजार नकदी और ट्रैक्टर छीन भाग निकला। पीड़ित ने 112 यूपी डायल पुलिस को सूचना दी पहुंची पुलिस जांच पड़ताल की लेकिन कोई पता नहीं चला।



# लूट में दो वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**उतरांव।** उतरांव पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हासिल हुई जब पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लूट में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को दबोच लिया।पुलिस मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को बारो मोड़ से लूट में वांछित चल रहे हैं। अभियुक्त सुरेंद्र कुमार पुत्र राम जी भारतीय निवासी मुगरसन थाना उतराव व रूपचंद पुत्र सुरेश भारतीय निवासी भागीपुर थाना सराय इनायत को गिरफ्तार कर लिया। वही पुलिस ने तलाशी ली तो लूट का बचा माल मसूरुका का 300 व ?400 बरामद हुआ। पुलिस ने बताया की 20 जुलाई को इन अभियुक्तों के खिलाफ लूट के मुकदमा में नाम प्रकाश में लाया गया था।वहीं पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के लिए चालान कर दिया। गिरफ्तारी टीम में मुख्य रूप से थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह,कांस्टेबल विवेक कुमार,अजय सिंह,महिला कांस्टेबल दीपिका बहुत ही सक्रियता से फरार चल रहे अभियुक्तों को पकड़कर जेल की हवा खिला दी।



## खंड शिक्षा अधिकारी को शिक्षकों ने दी भावभीनी विदाई

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** बीआरसी जसरा क्षेत्र के शिक्षकों ने गुरुवार के दिन बीईओ जसरा वेद प्रकाश यादव का स्वागत करते हुए भावभीनी विदाई की ।

इस मौके पर शिक्षकों के सम्मान से ओत पोत बीईओ वेद प्रकाश ने शिक्षकों के बीच कहा कि विषम परिस्थितियों में जसरा के शिक्षकों ने सरकार की नीतियों के तहत काम किया । आगे उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षक समाज का ओ अभिनन्‍ अंग होता है जिससे देश समाज की विकास की नींव तैयार होती है,शिक्षकों को हमेशा अपने कर्तव्यों पर खरा उतरना चाहिए । इस बीच शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनोज पाठक ,देव व्रत द्विवेदी, शंकरचंद्र द्विवेदी,अध्यक्ष डॉ एसपी सिंह ,सरोज कुमार सिंह पटेल, सरोज यादव ,शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष वसीम अहमद ,सुमन्त तिवारी ,दशरथ भारती आदि शिक्षकों ने फूल माला व प्रतीक चिन्ह देकर बीईओ वेद प्रकाश को विदा किया ।

# सांसद रीता जोशी के जन्मदिन पर यमुनापार में जगह-जगह हुए विविध आयोजन

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़/प्रयागराज।** प्रयागराज की सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी का जन्मदिन गुरूवार को पूरे जनपद में धूमधाम के साथ मनाया गया। यमुनापार में विभिनन्‍ स्थानों पर सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया और पौधरोपण किया गया। इसके अलावा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी के दीर्घायु की कामना की।

सांसद डॉ रीता जोशी के जन्मदिन पर यमुनापार के नारीबारी, शंकरगढ़, जसरा, बारा आदि स्थानों पर मनाया गया। सुंदरकांड का पाठ, मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। इसके अलावा पौधे भी रोपे गए। इसी कड़ी में नगर पंचायत शंकरगढ़ के महिला अस्पताल परिसर में सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया, साथ ही पौधरोपण किया गया। सभासद सुधा गुप्ता की अगुवाई में जुटे कार्यकर्ताओं ने पूरे विधि विधान से पाठ में सहभागिता की और इसके उपरांत हवन किया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।सभासद सुधा गुप्ता ने बताया कि जन्मदिन के मौके पर पौधरोपण भी किया गया। इस दौरान केक भी काटा गया।



## कार्यकर्ताओं ने सुंदरकांड का पाठ व केक काटकर किया पौधरोपण

इस आयोजन में सांसद मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी,रामायण शुक्ला, डाक्टर शैलेंद्र सिंह, रामखेलावन गुप्ता, चतुर्भुज दास गुप्ता, सभासद सुजीत केसरवानी, व्यापार मंडल महामंत्री रतन केसरवानी, उमा वर्मा, हेमराज जादूगर, विहिप नगर अध्यक्ष सुजीत केसरवानी, पंकज केसरवानी, नितेश केसरवानी, बंटी केसरवानी, राजेश केसरवानी, अनुज केसरवानी, अरविंद केसरवानी,शैलेंद्र सिंह, हरिशंकर, आबिद अली, शालिनी श्रीवास्तव, अनिल केसरवानी, हरिश्चंद्र आदि मौजूद रहे।इसी क्रम में भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी के आवास पर कार्यकर्ताओं ने सुंदरकांड का पाठ कर रीता जोशी का जन्मदिन मनाया और रीता जोशी के स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। इस दौरान हवन के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर दुर्गा पांडेय, हृदयेश मिश्र, प्रदीप कुमार मिश्र, गिरीश कुमार चतुर्वेदी, राजेश्वरी प्रसाद पांडेय, ऋतुराज सिंह, दिव्यांशु चतुर्वेदी, धीरेंद्र मिश्र, सुभाष सिंह पटेल, धर्मराज पाल आदि मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया प्रयागराज सांसद का जन्मदिन

अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** मनकामेश्वर मंडल लालापुर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को एक दूसरे को लड्डू खिलाकर प्रयागराज सांसद रीता बहुगुणा जोशी का जन्मदिन मनाया।साथ ही मनकामेश्वर मंदिर में सांसद के दीर्घायु के लिए भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश तिवारी (मीडिया प्रभारी- कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह उत्तर प्रदेश)मौजूद रहे।मनकामेश्वर मंडल के कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज बड़े सौभाग्य की बात है कि हम सभी कार्यकर्ता एक साथ सांसद का जन्मदिन मना रहे हैं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी ने कहा कि बारा क्षेत्र से सांसद रीता बहुगुणा जोशी का बहुत ज्यादा लगाव था और लालापुर क्षेत्रवासियों को जल्द ही पेयजल संकट से निजात मिल जाएगा।साथ ही लालापुर क्षेत्र की जनता को जो बिजली संबंधित समस्या है उसे भी जल्द प्रयागराज सांसद द्वारा दूर किया जाएगा।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला प्रतिनिधि शंकरलाल पाण्डेय, मनकामेश्वर मंडल महामंत्री शैलेंद्र कुमार पाण्डेय, आंनद मिश्रा,मंडल मीडिया प्रभारी दीपक पांडेय, सेक्टर संयोजक मनोज त्रिपाठी,रामजानकी जनकल्याण समिति अध्यक्ष शिवेंद्र पाण्डेय,होरीलाल केशरवानी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।



## शांतिपूर्ण ढंग से मना बकरा ईद, एक दूसरे को दिए मुबारकबाद

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** बुधवार को ईद-उल-जुहा बकरा ईद का पर्व बहुत ही सौहार्द एवं शांति पूर्ण ढंग से मनाया गया। पहले ईद उल जुहा की नमाज अकीकद मंदो द्वारा अदा की गई। फिर अल्लाह की राह में बकरे की कुर्बानी दी गई। पुलिस प्रशासन की पहली जिम्मेदारी नमाजियों को नमाज अदा कराई गई। सुबह से ही पुलिस प्रशासन क्षेत्र में गश्त करती रही। सहसों सहित क्षेत्र के चकिया घरहरा, महारौरा, वारी, शिवपुर, सेमरा, चंदौहां, ननका का पूरा, भोपतपुर, सोपरावारी, चिरौरा, बस महुआ, रामनगर, कांदी, मलावां आदि मस्जिदों में कोविड-19 गाइड लाइन के अनुसार नमाज अदा की गई। तमाम मस्जिदों में कोरोना से निजात और देश में खुशहाली की दुआएं मांगी गई। मस्जिदों में लोगों की भीड़ कम देखने को मिली ज्यादातर लोगों ने अपने अपने घरों में ही नमाज अदा की और देश की सलामती व अमनोचैन के लिए ऊपर वाले से दुआ मांगी गई।

# सर्वसमाज बनाएगा बसपा की सरकार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में बारा विधानसभा के सेक्टर संख्या-17 गौरा, बूथ संख्या- 329, 330 और 353 का गठन रंग निर्देशक प्रयागराज मण्डल के मण्डल सेक्टर प्राभारी उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रामबृज गौतम की अध्यक्षता में की गई। प्रयागराज मण्डल के मण्डल सेक्टर प्राभारी रामबृज गौतम ने बताया कि सर्वसमाज ने मन बना लिया है कि 2022 में बहन मायावती की सरकार बनाकर बहनजी को ही मुख्यमंत्री बनाएंगे। इसके लिए सर्व समाज के नेताओं ने अपने अपने समाज के भीतर भाईचारा बनाकर कार्य करना शुरू कर दिया है। जिसमे मुख्य रूप से बसपा सरकार की उपलब्धियां बताने का कार्य किया जा रहा है। इस तरह के कार्य करने से ही सभी वर्गों के अंतिम आदमी तक बसपा पहुंचने का कार्य कर रही है जिसके फलस्वरूप 2022 में बसपा ही सरकार बनाएगी।



बसपा नेता डा. आरपी गौतम और पूर्व जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र कुरील ने बताया कि पिछले दस वर्षो से क्रमशः सपा भाजपा की सरकार से यूपी की आम जनता गुंडागर्दी, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, भूमाफियाओं द्वारा गरीबो की जमीनों पर हो रहे अबैध कब्जो जैसी बड़ी समस्याओं से अनवरत जूझ रहा है। जिससे निजात पाने के लिये बसपा ही एकमात्र विकल्प है। बूथ गठन की समीक्षा बैठक में जोन अध्यक्ष फूलचंद, सेक्टर अध्यक्ष डॉ. सुधीर चौधरी, पंकज गौतम, समय लाल, विजय शंकर, कमलेश कुमार, सुरेश, छोटेलाल, संदीप, बड़े लाल पटेल, रामकैलाश, सेवालाल, सुनील गौतम, सुरेश शर्मा, विजय शंकर शर्मा, छोटेलाल यादव आदि उपस्थित रहे। बैठक का समापन एवं धन्यवाद ज्ञापित विधानसभा अध्यक्ष मनोज कुशवाहा ने किया।

# सेवटी नदी और अल्हवा धूस के मध्य बनेगी पुलिया और सम्पर्क मार्ग


## पुलिया न बनने से एक मजदूर से हो चुकी है मौत,तीन बच्चे मौत के गाल जाते जाते बचे,

मोहम्मद गौस

**रत्योरा/कोरांव/प्रयागराज।** ब्लाक कोरांव के ग्राम पंचायत अल्हवा और ग्राम सभा धूंस के मध्य स्थापित पुरानी सेवती नदी एक गांव से दूसरे गांव जाने आने में पुलिया या रपटा न बनने से किसान और मजदूर मौत के शिकार होते जा रहे। इस लिए उक्त नदी पर एक पुलिया और मार्ग का निर्माण अति आवश्यक है।

ग्राम पंचायत अल्हवा में पक्की रोड से धूस गांव आने जाने के लिए लोगों को बगल के एक चेकडैम पर से भरे पानी पर से आना जाना होता है लोगों का। जिससे दो साल पूर्व बनधुलाल कोल 55 वर्ष की पैर फिसल कर गिर जाने से मौत हो चुकी है। इस साल भी गत दिवस अल्हवा ग्राम के सिद्धनाथ कोल पुत्र बनटन की एक पुत्री व दी नाती

### दोनों गांवों के जुड़ने से आवागमन में होगी सुविधा : शहजादे



खेतों में लैना लगाने मजदूरी हेतु ग्राम धूंस गए थे। किन्तु नदी के डैम पर बह रहे पानी से पैर फिसल जाने से तीनों डैम के गहरे पानी में गिर गईं। तीनो मरते मरते बची। यदि अन्य किसान दौड़ कर जन न बचाते तो मर चुकी होती। फिर भी एक पुत्री नवविवाहिता की हालत खराब है। अस्पताल में भरती है।


ग्राम पंचायत प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने बताया कि उक्त घटनाओं व समस्याओं को देखते हुए अल्हवा पक्की रोड से सेवती नदी धूस तक सम्पर्क मार्ग मिटटी का कार्य कराकर फिर डब्लूयू विएम मार्ग बना कर और नदी में डैम के बगल से रपटा या पुलिया का निर्माण कराया जाएगा। जिससे एक गांव से दूसरे गांव की दूरी भी कम होगी तथा दुर्घटनाएं नहीं होगी। इस बाबत विधायक कोरांव श्री राजमणि कोल का भी ध्यान



प्रधान अहद

अवेदन देकर प्रधान ने आकृष्ट कराया है। और मुख्य मंत्री जी को भी पत्र भेज कर उक्त निर्माण कार्य की मंजूरी की मांग की है। इसी प्रकार प्रधान शहजादे ने बताया कि इस गांव में तीन चेकडैम बने हैं। तीनो चेकडैम से लोगों की जानें जा चुकी है। मेरा पूर्ण प्रयास होगा कि उक्त डेमो को ग्राम सभा में ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग से हैंड ओवर कराकर मनरेगा द्वारा मरम्मती करण का कार्य सुनिश्चित करें। इस के लिए सम्बन्धित विभाग को पत्राचार किया जा रहा है।

उक्त पुलिया के निर्माण हेतु में पूरा प्रयास करूंगा। उसका प्रस्ताव अथवा मांग पत्र जनप्रतिनिधि के स्तर से विभाग प्रधान द्वारा भेजा जाय। ऐसे कार्यों को विभाग महत्व देगा।



**पंकज कुमार**
**अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रयागराज**

# सपा कार्यकरणी का गठन कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

## मंहगाई की बेतहाशा वृद्धि से जनता की कमर तोड़ रही भाजपा सरकार जनता 2022 में भाजपा को बाहर की रास्ता दिखएगी : योगेश

अखंड भारत संदेश

**सिरसा/मेजा।** प्रयागराज मेजा विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत सिरसा बाजार मे बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी का कार्यकारिणी गठन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे समाजवादी युवाओं व कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।



बता दें कि विधानसभा मेजा क्षेत्र के नगरपंचायत सिरसा बाजार स्थित शिवगंगा वाटिका मे बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी का कार्यकारिणी गठन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें समाजवादी युवाओं व कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम मे समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की तानाशाही रवैए से जनता त्रस्त हो चुकी है।

और भाजपा सरकार ने मंहगाई बढ़ाकर गरीबों, मजदूरों, दलितों की कमर तोड़ रही है। महंगाई की बेतहाशा वृद्धि से लोगों मे त्राहि-त्राहि मची हुई है। उत्तर प्रदेश की जनता 2022 के चुनाव मे अखिलेश यादव की तरफ टकटकी लगाए निहार रही है। और जनता 2022 मे भाजपा सरकार को बाहर का रास्ता दिखाकर अखिलेश यादव के नेतृत्व मे समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का काम करेगी। मंच का संचालन अधिवक्ता शिव कैलाश यादव ने किया। कार्यक्रम मे मौजूद समाजवादी पार्टी मेजा विधानसभा अध्यक्ष श्याम कृष्ण सिंह (पप्पू यादव) चेयरमैन नगरपंचायत सिरसा, नरेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक रामसेवक सिंह पटेल, रचित विश्वकर्मा, सन्दीप पटेल, राजेश यादव, लल्लन सिंह, हर्षित पाण्डेय, राम शिरोमणि विश्वकर्मा नानहक प्रधान प्रतिनिधि,जिपसं प्रमिल यादव, जिला पंचायत सदस्य जयशंकर भारती, नितेश तिवारी, दिलावर सिंह, जय शंकर यादव बबलू क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, विमल यादव,अरविंद यादव प्रधान,लवकुश यादव,राम रक्षा यादव,सहित सैकड़ों समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.
UPHIN 2001/9025

## दरवाजे के सामने बकरा हलाल किये जाने के विरोध पर धारदार हथियारों से हमला दो लहूलुहान

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** इलाके के मुरादपुर गांव में उस समय सनसनी मच गई जब घर के दरवाजे के सामने बकरा हलाल किए जाने का विरोध पर दर्जन भर लोग धारदार हथियारों और लाठी लेकर घर पर चढ़ हमला कर धारदार हथियार से दो युवकों को लहुलहान कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस चार को दबोच थाने उठा लाई।

गुरूवार की सुबह मुरादापुर गांव निवासी ज्ञान चंद्र पटेल व प्रेम चंद्र पटेल पुत्रगण राम जतन पटेल अपने घर पर थे अन्य परिजन धान की रोपाई करने गए थे।

इसी बीच पड़ोस के ही नामजद आरोपित ननकऊ व रज्जब अली पुत्रगण माजिद उल्ला, आशिफ पुत्र ननकऊ, चांद बाबू पुत्र रज्जब अली, ने ज्ञान चंद्र पटेल के घर के दरवाजे के सामने बकरा हलाल करने लगे जिसे घर के बच्चे देख डर के भाग अंदर घुस गए।



इसे देख दोनो भाइ्यो ने दरवाजे के सामने हलाल किए जाने का विरोध किया तो नोकझोक होने लगीं। इसी बीच आरोपित सहित उसके पक्ष के कई लोग लाठी, बल्लम, फरसा, चापड़, तलवार लेकर घर पर चढ़ दोनो भाइ्यो के उपर हमला कर दिए जिससे दोनो भाई लहुलहान हो जमीन पर गिर तड़पने लगे। बीच बचाव के पहुंचे पिता राम जतन पटेल को भी मारपीट घायल कर दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस चार आरोपितों को दबोच थाने उठा लाई। और कई मौके से भाग निकले। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जसरा स्थित सीएचसी में भर्ती कराया। पीड़ित ने उक्त चार आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र दिया।

## ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों का तबादला, गैर जनपद भी भेजे गए सचिव

**शंकरगढ़/प्रयागराज।** योगी सरकार में निर्बाध चल रही तबादला एक्सप्रेस को अभी ठहराव नहीं मिल सका है।गुरुवार को जनपद के विभिनन्‍ गांवों में तैनात ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों/सचिवों का तबादला किया गया है। इसमें तमाम लोगों को जनपद के अंदर ही दूसरे विकास खंड में भेजा गया है, जबकि कुछ गैर जनपद भेजे गए हैं। विकास खंड शंकरगढ़ के एडीओ (पंचायत) दीपेश सिंह ने बताया कि गुरुवार को विकास खंड के आधा दर्जन सचिवों/ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को दूसरे विकास खंड के साथ गैर जनपद भेजा गया है। इसमें प्रेमचंद्र सिंह और गौरीशंकर को विकास खंड कोरांव में तैनाती गई है। जबकि विजय मौर्य को गैर जनपद गाजीपुर भेजा गया है। इसके अलावा विजयराज को धनुपुर, दिलीप कुमार और आशीष कुमार को विकास खंड कौंधियारा भेजा गया है।

# विधायक मोना की गिरफ्तारी को लेकर भड़के कांग्रेसी, फूंका पुतला

**प्रतापगढ़/लालगंज।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की गुरूवार को लखनऊ में गिरफ्तारी होने की खबर पाकर जिले के कांग्रेसियों ने अम्बेडकर चौराहे पर योगी सरकार का पुतला फूंकर विरोध जताया। उधर विधायक के निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेसियों में भी आक्रोश पनप उठा। कांग्रेसियो ने कैम्प कार्यालय पर एकत्रित होकर विधायक के समर्थन मे नारेबाजी की। इसके बाद आक्रोशित कार्यकर्ताओ का हुजूम विधायक मोना की फौरन रिहाई की मांग को लेकर कैम्प कार्यालय से सीओ कार्यालय होते विरोध प्रदर्शन मे तब्दील हो गया।

पेगागस जासूसी कांड को लेकर कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की अगुवाई में लखनऊ मे कांग्रेसियों ने राज्यपाल को ज्ञापन देने का निणन्य लिया था। इस बीच पुलिस ने क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना को सुबह ही हाउस अरेस्ट कर लिया। इसके बाद भी ज्ञापन देने निकली विधायक मोना को पुलिस ने हिरासत मे ले लिया। सोशल मीडिया पर क्षेत्रीय विधायक की गिरफ्तारी की जानकारी होते ही सीएलपी नेता के निर्वाचन क्षेत्र रामपुरखास में भी कांग्रेसी उबाल मे आ गये। कांग्रेसियों ने अम्बेडकर चौराहे पर योगी सरकार का पुतला फूंककर विरोध जताया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी, महेन्द्र शुक्ला, वेदान्त तिवारी समेत कई कांग्रेसी मौजूद रहे। उधर लालगंज में कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सत्येन्द्र श्रीवास्तव तथा मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ला की अगुवाई मे कांग्रेसियो ने विधायक के कैम्प कार्यालय पर आराधना मिश्रा मोना और प्रमोद तिवारी के समर्थन मे नारेबाजी शुरू कर दी।



इसके बाद आक्रोशित कार्यकर्ताओं का हुजूम कैम्प कार्यालय से पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी नारेबाजी करते हुए सीओ कार्यालय के सामने पहुंच गया। यहां से कार्यकर्ता कोतवाली गेट पहुंचे और नेशनल हाइवे के समीप विरोध प्रदर्शन कर विधायक मोना की अविलंब रिहाई की मांग पर अड़ गये। कोतवाली के दरोगाओं ने कार्यकर्ताओं को समझा बुझाकर किसी तरह शांत कराया। विरोध प्रदर्शन के दौरान संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र, अनिल त्रिपाठी महेश, पूर्व महामंत्री सुशील शुक्ला, पूर्व उपाध्यक्ष विपिन शुक्ला, अधिवक्ता शैलेन्द्र मिश्र ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र आदि मौजूद रहे।



# भाजपा के कार्यकाल में चार लाख युवाओं को मिली नौकरी

**प्रतापगढ़।** जिला कार्यसमिति की बैठक बीएस पैलेस बडनपुर में प्रारंभ हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र गणेश नारायण मिश्र निवर्तमान जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी के द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ एवं अशोक मिश्रा जिला महामंत्री के द्वारा वंदेमात्रम गीत से विधिवत प्रारंभ हुआ।

उद्घाटन सत्र प्रारंभ करते हुए नागेंद्र रघुवंशी जी ने कहा जिला कार्यसमिति सत्त चलने वाली बैठक है इसमें सम्मिलित होने वाले पदाधिकारी कार्य समिति के सदस्य पूर्व निर्धारित होते हैं। इसके उपरांत अशोक मिश्र के द्वारा द्वितीय सत्र में भारतीय जनता पार्टी का राजनैतिक प्रस्ताव पेश किया गया। राजनीतिक प्रस्ताव का समर्थन करते हुए ओम प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे महामानवों की त्याग और तपस्या से रोपित वैचारिक बीज का प्रतिफल है। विधायक रानीगंज धीरज ओझा ने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में करीब 4 लाख युवाओं को भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी प्रक्रिया से नौकरियां दी गई। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, पवन गौतम जिला महामंत्री, राजेंश सिंह जिला महामंत्री, राघवेन्द्र शुक्ला जिला मीडिया प्रभारी, पूर्व विधायक बृजेश मिश्र सौरभ, पूर्व विधायक सरोज, जिला कार्यसमिति सदस्य सुरेंद्र सिंह, राम सिंह आदि मौजूद रहे।

# वैक्सीनेशन टीम के साथ अभद्रता

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोविड-19 से बचाव के लिए गांव में चल रहे कलस्टर अभियान के तहत वैक्सीनेशन करने गई स्वास्थ्यकमिर्यों की टीम के साथ गांव में चार लोगों ने अभद्रता की। स्वास्थ्यकमिर्यों ने एक नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ तहरीर है। सीएचसी बाबा बेलखरनाथ धाम से सीएचओ पूजा विश्वकर्मा के नेतृत्व में नरसिंह सिंह तथा नीरज कोहली खभोर गांव में बुधवार की सुबह 11 बजे वैक्सीनेशन करने के लिए गए थे।

आरोप है कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की बात पूछने पर एक युवक टीम से भिड़ गया और पहले वैक्सीन लगवाने की बात कहने लगा। इस पर स्वास्थ्यकमिर्यों ने जब मना किया तो वह अपने तीन अन्य साथियों के साथ हाथापाई करते हुए अभद्रता व गालीगलौज करने लगा। बाद में प्रधानपति प्रवीन सिंह के साथ गांव के अन्य लोगों के पहुंचने पर किसी तरह मामला शांत हुआ। तब तक चारों युवक धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। घटना की जानकारी स्वास्थ्यकमिर्यों ने कंधई पुलिस को देते हुए एक नामजद व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर आरिफ हुसैन ने बताया कि स्वास्थ्यकमिर्यों से अराजक तत्वों द्वारा लगातार अभद्र व्यवहार करने की बात सामने आ रही है, जिसे लेकर कर्मचारियों में रोष भी है। मामले से विभाग के उच्च अधिकारियों तथा पुलिस को अवगत करा दिया गया है।

## बच्चों को गाली देने पर दो पक्ष में मारपीट

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के लवाना गाव के धुंधुर निवासी कंधई लाल सरोज घर के अंदर अपने बच्चों को किसी बात को लेकर गाली गलौज दे रहा था, जिस पर पड़ोसी गयादीन ने अपने बच्चों की गाली सुनकर मारपीट करने लगे जिसमें दोनों पक्षो में मारपीट होने लगी। किसी तरह लोगों ने मामला शांत करा दिया। घटना की तहरीर दोनों पक्षो की तरफ से मिलने पर पुलिस ने गयादीन की तरफ से कंधई, रंजीत, मनीष व कंधई लाल सरोज की तरफ से गयादीन, राजेश व रमेश के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया।

## दूसरों के खाते से पैसा निकालने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** स्वाट टीम व थाना कोतवाली नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर रेलवे स्टेशन प्रतापगढ़ के पास से कूटरचित रबड़युक्त अंगुष्ठ छाप का प्रयोग कर दूसरों के खाते से पैसा निकालने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से धोखाधड़ी के 3010 रूपये नकद व 03 अदद कूटरचित रबड़युक्त अंगुष्ठ छाप बरामद किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण अखिलेश यादव पुत्र रामलगन यादव निवासी हिन्दूआरी थाना राबर्टसगंज जनपद सोनभद्र है।

# एमडीपीजी कालेज में हुई विश्वविद्यालय की परीक्षा

## तीनों पालियों में मिलाकर तीन हजार परीक्षाथिर्यों ने दी परीक्षा

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय प्रयागराज की वार्षिक एवं सेमेस्टर परीक्षाएं आज जनपद के विभिनन्‌ परीक्षा केंद्रों पर संपनन्‌ हुई। अधिकांश परीक्षा केंद्रों पर आज बड़ी परीक्षा रही और परीक्षाथिर्यों की संख्या काफी अधिक रही।

शहर स्थित एमडीपीजी कॉलेज में आज तीनों पारियों में मिलाकर लगभग तीन हजार परीक्षाथिर्यों ने परीक्षा दी। बड़ी परीक्षा होने के कारण प्राचार्य डॉ ए के श्रीवास्तव के नेतृत्व में शिक्षकों का आंतरिक सचल दल सुबह से ही सक्रिय रहा।



गेट पर तलाशी के साथ ही मास्क पहनने के बाद ही अंदर प्रवेश दिया गया।

परीक्षा कक्षों में भी कक्ष निरीक्षकों के माध्यम से परीक्षाथिर्यों को अनवरत मास्क लगाए रखने के निर्देश दिए जाते रहे। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि प्रथम पाली में 804 परीक्षार्थी नामांकित थे जिनमें 783 परीक्षाथिर्यों ने परीक्षा दी और 21 परीक्षाथिर्यों ने परीक्षा छोड़ दी जबकि द्वितीय पाली में 699 परीक्षार्थी नामांकित थे जिनमें 687 ने परीक्षा दी और 12 अनुपस्थित रहे तृतीय पाली में लगभग डेढ़ हजार परीक्षार्थी नामांकित रहे।

# अनाथ हुये बच्चों को प्रतिमाह दी जायेगी रूपये 4000 की आर्थिक सहायता

## जिले के चिन्हित पात्र बच्चों को विधायक सदर व डीएम ने दिया प्रमाण पत्र

**प्रतापगढ़।** वैश्विक महामारी कोविड-19 के संक्रमण से अनाथ हुये एवं संक्रमण से प्रभावित हुये और संकटग्रस्त बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने के उद्देश्य से गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन लखनऊ में उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का शुभारम्भ वर्चुअल माध्यम से किया जिसका सजीव प्रसारण अफीम कोठी के सभागार में उपस्थित विधायक सदर राजकुमार पाल, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, मुख्य विकास अधिकारी प्रभास कुमार, अपना दल एस के राष्ट्रीय महासचिव राजेन्द्र प्रसाद पाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान के प्राचार्य शिव प्रकाश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं लाभाथिर्यों व जन सामान्य द्वारा देखा एवं सुना गया।

जनपद में उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना अन्तर्गत चयनित चिन्हित 56 बच्चों में से 19 बच्चों को प्रतीकात्मक स्वीकृति पत्र का वितरण विधायक सदर राजकुमार पाल, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल द्वारा किया गया एवं अन्य अवशेष बच्चों के अभिभावक/परिजनों के बैंक खाते में धनराशि भेजी जायेगी। इस अवसर पर विधायक सदर राजकुमार पाल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ द्वारा कोरोना महामारी संक्रमण निराश्रित हुये बच्चों के भरण-पोषण, शिक्षा और सुरक्षा के लिये योजना संचालित है। इस अवसर पर जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कहा कि इस योजना के तहत बच्चों के वैद्य संरक्षक के खाते में 4000 रूपये प्रतिमाह दिये जाने का प्रावधान है।



बच्चों में से 32 बालक और 24 बालिकाएं है जिनमें 01 बच्चे ने अपने माता-पिता दोनो को खो दिया है।

50 पीड़ित बच्चों ने अपने पिता को खो दिया है एवं 05 बच्चों ने अपने माता को खो दिया है।

## अज्ञात आरोपी ने उड़ाये पन्द्रह हजार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पीडित के खाते से अज्ञात आरोपी ने धोखाधडी करते हुए पन्द्रह हजार रूपये हडप लिये। अंतू थाना के पीपरपुर निवासी मुननलाल गौतम पन्द्रह जुलाई को सगरा सुंदरपुर स्थित बैंक ऑफ बडौदा के एटीएम बूथ पर पैसा निकालने आया था। पीडित के मुताबिक बूथ पर एक व्यक्ति ने मदद के नाम पर उसका एटीएम कार्ड ले लिया। बाद मे पैसा न निकलने की बात कहकर आरोपी ने एटीएम कार्ड पीड़ित को वापस कर दिया। इसके बाद अज्ञात आरोपी द्वारा अगले दिन सोलह जुलाई को हीरागंज तथा राजापुर से पन्द्रह हजार रूपये उसके खाते से उडा लिया गया। पीडित के घर सगाई की रश्म होने के कारण जब वह रूपये निकालने दोबारा बैंक गया तो पता चला कि उसके खाते से पन्द्रह हजार रूपये निकल चुका है। पीडित ने घटना के बाबत गुरूवार को पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि तहरीर की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

परियावां, प्रतापगढ़। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के रजवापुर बरगदही निवासी मुकेश पुत्र चंद्रराज पाल (18) वर्षीय की संदिग्ध परिस्थितियों में बन्द पड़े घर मे चुल्ले से शव लटकता मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर लिखा पढ़ी करके पीएम के लिए भेजा।

घटना के बारे में मृतक मुकेश के पिता चंद्रराज पाल पुत्र स्व0 रामप्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी है कि बुधवार की शाम साढ़े सात बजे मुकेश घर से निमंत्रण जाने की बात कहकर निकला जो देर शाम तक वापस न आने पर हम लोग किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए देर रात तक खोज बीन किया, लेकिन पता नही चल सका। गुरुवार की सुबह मेरी लड़की नीता भूसा लेने के लिये गई तो घर से थोड़ी दूर पर अपने कालोनी वाले घर के बाहर से सिटकनी बन्द थी। शंका होने पर उसे खोलकर अंदर देखा तो लोहे के चुल्ले से कपड़ा के फंदा से लटकता मुकेश झूल रहा था जिसके दोनों हाथ पीछे बंधे हुए थे। शोर मचाने पर आस पास के लोग पहुँच गए। शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने कपड़े को काटकर शव को नीचे उतारा तो देखा कि मुकेश की सांसें थम चुकी थी। परिजनों ने मुकेश की हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को नामजद तहरीर दिया है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। मामला आशनाई का बताया जा रहा है जिस लड़की से मुकेश का प्रेम प्रपंच चल रहा था उसका भाई धमकी भी दे चुका है, ऐसा मृतक के पिता चंद्रराज का कहना है।

## बनारस लखनऊ इंटर सिटी फिर से ट्रैक पर दौड़ी

### अमेठी, प्रतापगढ़, बादशाहपुर, भदोही, बनारस समेत कई स्टेशनों पर है ठहराव

**प्रतापगढ़।** बनारस और लखनऊ के सफर करने वाले डेली यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। कोरोना काल में बंद हुई बनारस, लखनऊ इंटर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन 04219-20 का संचालन 22 जुलाई से बहाल कर दिया गया है। इसको स्पेशल बनाकर डेली चलाया जाएगा।

22 जुलाई को सुबह ट्रेन लखनऊ गई और शाम को बनारस। बनारस से लखनऊ जाते समय ट्रेन सुबह 7 बजकर 35 मिनट पर प्रतापगढ़ पहुंचेगी। लखनऊ से बनारस जाते समय शाम 4 बजकर 36 मिनट पर प्रतापगढ़ पहुंचने का टाइम निर्धारित किया गया है। टीआई जेपी मिश्रा ने बताया कि ट्रेन 22 जुलाई से अगले आदेश तक ट्रेन चलेगी। लखनऊ, रायबरेली, गौरीगंज, जायस, अंतू, अमेठी, प्रतापगढ़, बादशाहपुर, सेवापुरी रुकते होते हुए बनारस जायेगी और आयेगी। सीबीएस ने बताया कि इसका टिकट जनरल काउंटर से नहीं मिलेगा। यात्रियों को टूएस आरक्षण की सुविधा मिलेगी। मजे की बात यह है कि 22 जुलाई को सुबह इंटरसिटी गई। इसकी जानकारी स्थानीय रेल प्रशासन के कई जिम्मेदार लोगों को शाम तक नहीं थी। पूछने पर कई लोग चौंके, बोले इंटरसिटी चल गई क्या! कोई मैसेज तो आया नहीं, खैर।

# ...जब एसपी ने विकलांग फरियादी को मुहैया कराया व्हील चेयर

## जनसुनवाई में खड़े विकलांग फरियादी पर पड़ी एसपी की निगाह

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने आज गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनता की सुनवाई करते समय एक विकलांग की बात सुनने से पहले विकलांग फरियादी को व्हील चेयर मुहैया कराने का आदेश देकर अपनी मानवीय पक्ष को दर्शाते हुए उसकी मदद की।

बाहर खड़ा विकलांग फरियादी व्हील चेयर पाते ही गदगद हो गया। वह जब अंदर आया तो कप्तान साहब को धन्यवाद देते हुए उसने अपनी बातें एसपी के सामने रखी। एसपी ने बहुत ध्यान से उसकी बातों को सुना और यथासंभव उसे भरोसा दिलाया कि इस पर कार्यवाही होगी। काश यही व्यवहार थानों पर तैनात थानाध्यक्ष व कोतवाल भी करते तो पुलिस के प्रति लोगों की जनभावना बदल जाती। वैसे पुलिस अधीक्षक जब से आए हैं, वह नियमित रुप से अपने आफिस में बैठकर सुनवाई करते हैं तथा शाम को किसी चौराहे पर चेकिंग करना या किसी थाने का निरीक्षण करना उनका रुटीन बन गया है। इससे पुलिस महकमे में भी हलचल देखी जा रही है।

## जबरन खूंटा गाड़कर कब्जा करने पर मारपीट, चार घायल

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के जनवामऊ में शोभा पटेल पुत्री चंद्रिका पटेल की जमीन पर गाव के रामकृपाल, लल्लू, ननकुल्ले व राजू बुधवार की शाम जबरन खूंटा गाड़कर जमीन कब्जा रहे थे। मना करने पर लाठी डंडा से जमकर मारपीट किया जिसमें चंद्रिका, धर्मेंद्र, ज्योतिमा, शोभा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनको मौके पर पहुंची नवाबगंज पुलिस उपचार के लिए सीएचसी कालाकांकर ले गई, जहाँ चिकित्सको ने चंद्रिका को जिला मुख्यालय व धर्मेंद्र को प्रयागराज स्वरूपरानी के लिए रिफर कर दिया। पुलिस ने शोभा पटेल की तहरीर पर चार लोगो के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

# कोरोना से लड़ने के लिये टीका जरूरीः डॉक्टर अनुराग

## बच्चा बैंक की कोरोना से जंग जारी, टीकाकरण 24 जुलाई को, रोटरी क्लब और बीबीएफजी की बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निणन्य

प्रतापगढ़। कोरोना को हराना है तो कोरोना का टीका जरुरी है। इसके लिए सभी को तैयार रहना चाहिए। रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल और बच्चा बैंक फ्रेंडस ग्रुप, बीबीएफजी के तत्वावधान में कोविड 19 टीकाकरण का दूसरा कैम्प 24 जुलाई दिन शनिवार को रेलवे स्टेशन रोड हनुमान मंदिर के निकट लगेगा।

इसमें कोवैक्सिन लगेगी। उन्होंने बताया कि सीएमओ से इसकी अनुमति मिल गई है।

डॉक्टर अनुराग मिश्रा ने गुरुवार को टीकाकरण स्थल पर हुई बीबीएफजी की बैठक में लोगों को जागरूक करते यह बातें कहीं। उन्होंने बताया कि 24 जून 2021 को रोटरी और बीबीएफजी के तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से हनुमान मंदिर के निकट टीकाकरण का पहला कैम्प लगा था, जिसमें 160 से अधिक को कोवैक्सिन लगी थी। 24 जुलाई को इसी जगह पर कोवैक्सिन डोज का दूसरा कैंप लगने जा रहा है। सहयोगी वीके तिवारी ने बताया कि दूसरे कैंप में केवल दूसरा डोज ही लगेगा, जिनको पहला डोज लगवाना है वे जिला अस्पताल से सम्पर्क कर सकते हैं। आश्वस्त किया कि अगर वैक्सीन उपलब्ध रहेगी तभी पहला डोज लगेगा।




रोटेरियन अश्वनी केसरवानी ने बताया कि टीकाकरण का कार्यक्रम सुबह 10 से शाम 4 बजे तज चलेगा। जिनको दूसरा डोज लगवाना है। वे समय से कैंप में पहुंचे। बैठक की अध्यक्षता रमेश नटराज ने की। संचालन मोहम्मद अनीश ने किया। इस मौके पर बीबीएफजी के राजकुमार मोदनवाल, सतेंद्र,गुलाब, राजेश चौरसिया, लाले, रोटेरियन अधिवक्ता उमेश सिंह, सचिव नीरज त्रिपाठी,शरद केसरवानी समेत कई सहयोगी मौजूद रहे।

# बुंदेलखंड अवध से कौशाम्बी को जोड़ने की सौगात दे गए उपमुख्यमंत्री

## उप मुख्यमंत्री ने तीन रेलबे ओवरब्रिज यमुना नदी में एक पुल सहित विभिनन परियोनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास







**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने गुरुवार को सैयद सरांवा में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज-कानपुर रेल सेक्शन के किमी0 846/30-25 रेलवे स्टेशन के निकट आयोजित कार्यक्रम में सम्पार संख्या-7सी0 पर 02 लेन उपरिगामी सेतु के निर्माण का शिलान्यास किया।

इस सेतु के निर्माण की लागत धनराशि रू0-6028.40 लाख स्वीकृत है तथा इस रेल उपरिगामी सेतु की कुल लम्बाई 810.62 किमी0 है। यह परियोजना मार्च 2021 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। इसके साथ ही उप मुख्यमंत्री ने विधानसभा चायल के लोक निर्माण विभाग की 107.735 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाली 80 परियोजनाओं का बटन दबाकर शिलान्यास/लोकार्पण किया, जिसमें 35 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया एवं 45 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास एवं लोकार्पण होने वाली कुल परियोजनाओं की लम्बाई 93.664 किमी0 है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्हें विधायक चायल संजय गुप्ता द्वारा यमुना नदी पर सेतु बनाने के साथ ही विभिनन सड़कों के निर्माण के लिए जो प्रस्ताव सूची प्राप्त हुई हैं, सेतु एवं सड़कों के निर्माण के लिए अधिकारियों को शीघ्र ही आगणन बनाकर कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिये जायेंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 52 माह के कार्यकाल में प्रदेश सरकार ने बहुत ही विकास के कार्य कौशाम्बी एवं प्रदेश में किये हैं। उन्होने कहा कि भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर नहीं होने दिया जायेगा, जो भी कमियां अभी रह गयी है उनको ठीक करने का प्रयास निरन्तर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कोविड काल में 80 करोड़ लोगो को निःशुल्क राशन देने का कार्य किया जा रहा है, ताकि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे। उन्होने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ किसानों को मिल रहा है। आयुष्मान भारत योजना के तहत पॉच लाख तक के इलाज की मुफ्त सुविधा दी जा रही है, इस योजना में जो भी लोग छूटे है सभी पात्र लोगों को इस योजना का लाभ दिलाया जायेगा। उन्होने कहा कि उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन एवं प्रदेश में बिजली की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए एवं समुचित विकास के लिए अनेक कार्य किये और निरन्तर किया जा रहा है। उन्होने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है।

उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार के 52 महीने एवं केन्द्र सरकार के 07 साल के कार्यकाल में अनेक विकास के कार्यों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं से आमजन के जीवन में खुशहाली आयी है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं कौशाम्बी का बेटा हूॅ और बेटा ही रहूॅगा। उन्होंने कहा कि जनपद के तीनों विधान सभाओं में अनेक विकास कार्य किये गये हैं और अनेक विकास कार्य किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि महिला घाट के पुल निर्माण का कार्य बहुत दिनों से रूका हुआ था, जिसे पुनः प्रारम्भ कराया गया है और शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जायेगा।

तत्पश्चात उप मुख्यमंत्री ने थाना-चक गुलाम आलम कछार गढ़वा-ताड़ी मुस्तकिल चित्रकूट मार्ग को जोड़ने हेतु यमुना नदी पर सेतु के निर्माण का शिलान्यास किया। इस परियोजना की स्वीकृति लागत रू0 11697.29 लाख है। इस सेतु के निर्माण हो जाने से यहां की लगभग 02 लाख जनसंख्या लाभान्वित होगी, जो लगभग 27 किमी0 की दूरी कम होकर जनपद चित्रकूट को रामबनगमन मार्ग से सीधे जोड़ेगा। इस परियोजना को माह मार्च 2024 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कौशाम्बी पर्यटन का प्रमुख केन्द्र है।

यहां देश एवं विदेश से लोग आते हैं। उन्हेने कहा कि जनपद में बौद्ध विहार बनाने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होने कहा कि लोगों को रोजगार मिले इसके लिए भी अनेक कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कैबिनेट द्वारा कौशाम्बी पर्यटन स्थल को जनपद प्रयागराज मुख्यालय वॉया एयरपोर्ट से 04 लेन से जोड़ने का कार्य (लम्बाई 42.06किमी0) की अनुमोदित लागत 80893.85 लाख रूपये के व्यय के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। इसके साथ ही उप मुख्यमंत्री ने मंझनपुर विधानसभा के लोक निर्माण विभाग की 147.473 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाली 21 परियोजनाओं का बटन दबाकर शिलान्यास/लोकार्पण किया, जिसमें से 11 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया एवं 10 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास एवं लोकार्पण होने वाली कुल परियोजनाओं की लम्बाई 50.866 किमी0 है। तत्पश्चात उप मुख्यमंत्री ने सूजातपुर में आयोजित कार्यक्रम में सूजातपुर रेलवे स्टेशन के निकट आयोजित कार्यक्रम में सुजातपुर रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे सम्पार संख्या-15सी0 पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण का शिलान्यास किया जिसकी स्वीकृति लागत 5705.62 लाख रूपये है। इस परियोजना को माह दिसम्बर 2022 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। इस सेतु के बन जाने से सेतु का उपयोग मंझनपुर रोड एवं जी0टी0 रोड के आवागमन हेतु किया जायेगा एवं अत्याधिक जाम की समस्या का निदान हो जायेगा तथा रेलवे का संचालन भी सुचारू रूप से सम्पादित हो सकेगा। उप मुख्यमंत्री ने उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज-कानपुर सेक्शन के किमी0 890/13-15 (अथसराय) के रेलवे सम्पार संख्या 32सी पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण का शिलान्यास किया जिसकी स्वीकृति लागत रू0 3912.11 लाख है। इस परियोजना को माह मार्च 2023 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। इसी तरह से उप मुख्यमंत्री ने विधानसभा सिराथू की लोक निर्माण विभाग की कुल 30 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 38 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। कार्यक्रमों के दौरान चायल विधायक संजय गुप्ता विधायक मंझनपुर लाल बहादुर विधायक सिराथू शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल भाजपा जिलाध्यक्षा श्रीमती अनीता त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्षता कल्पना सोनकर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं जिलाधिकारी सुजीत कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### कौशाम्बी का बेटा हूॅ और बेटा ही रहूॅगा

कौशाम्बी। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मैं कौशांबी का बेटा हूं और बेटा ही रहूंगा आपके बीच आने के बाद मैं गर्व महसूस कर।

### महिला घाट पुल का शुरू होगा निर्माण

कौशाम्बी। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि महिला घाट के पुल निर्माण का कार्य बहुत दिनों से रूका हुआ था, जिसे पुनः प्रारम्भ कराया गया है और शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जायेगा।

### बौद्ध विहार बनाने की कार्रवाई की जा रही है।

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जल्द ही बौद्ध बिहार बनाने की कार्यवाही की जा रही है

### डिप्टी सीएम के चहेते विधायकों में है संजय गुप्ता

कौशांबी। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या के कार्यक्रम के दौरान उनके चहेते विधायकों में संजय गुप्ता कुमार रहे हैं डिप्टी सीएम के प्रत्येक कार्य में चायल विधायक संजय गुप्ता उनके साथ साथ नजदीक खड़े दिखाई पड़े हैं।

### फोन पर जिले वासियों का जाना हाल

कौशांबी। विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास करने कौशांबी की धरती पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य कौशांबी आए थे और इस दौरान उन्होंने जिले के अपने तमाम परिचितों को फोन करके उनका हाल जाना है डिप्टी सीएम ने जिले के तमाम लोगों का हाल-चाल पूछ कर उनका दिल जीतने का प्रयास किया है।

## मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी को भूल गई सीबीआई

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** साथ-साथ बालू माफियाओं पर सीबीआई ने मुकदमा दर्ज कराया था लेकिन मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

आरोपी वर्तमान में भी अवैध तरीके से बालू खनन कर मालामाल हो रहे हैं यमुना नदी से बालू के अवैध खनन में इन बालू माफियाओं ने अकूत संपत्ति अर्जित की है बेनामी संपत्ति के मालिक बालू माफिया पर्दे की आड़ से राजनीति में भी उपस्थिति दर्ज कराने के जुगाड़ में है चायल तहसील क्षेत्र के सराय अकिल थाना अंतर्गत एक चर्चित बालू माफिया पर बीते दिनों सीबीआई ने अवैध खनन का मुकदमा दर्ज कराया था मुकदमा दर्ज होने के बाद भी बालू माफिया की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है लोगों ने देश के प्रधानमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए बालू के अवैध खनन में लिप्त बालू माफियाओं के गिरफ्तारी की मांग की है बताते चलें कि जिले की धरती में बालू का काला कारोबार बेखौफ तरीके से फल फूल रहा है बालू के अवैध कारोबार में माफियाओं के साथ साथ अधिकारियों की भूमिका सवालों के घेरे में है। देखते देखते जिले के दर्जनों बालू माफिया अकूत संपत्ति के धनी बन चुके हैं काली कमाई से मालामाल हुए बालू माफियाओं की संपत्तियों की भी जांच किए जाने की जरूरत है कौशांबी थाना क्षेत्र मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र पिपरी थाना क्षेत्र महेवा घाट थाना क्षेत्र पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र सहित विभिनन क्षेत्रों में चर्चित बालू माफिया का गैंग है कौशांबी की बालू के अवैध खनन से मालामाल होने वालों में इलाहाबाद शहर के भी बालू माफिया शामिल हैं बालू के काले कारोबार से अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले बालू माफियाओं की संपत्तियों की आयकर विभाग से जांच कराया जाना आवश्यक है

## बसपा शासन में खत्म होगा जंगलराज : राजभर

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर ने कहा कि जंगलराज से जनसमुदाय को मुक्ति बसपा सरकार बनने पर ही मिलेगी। भाजपा की गलत नीतियों से महंगाई चरम पर पहुंच गई है। दो वक्त की रोटी गरीबों को नसीब नहीं हो पा रही।वह गुरुवार को सरपतहां में स्थित बसपा कार्यालय पर पार्टी की सभा में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कहाकि, मुख्यमंत्री भले ही कानून का राज होने की बात कर रहे हैं लेकिन महिलाओं के खिलाफ बढ़ रहे अपराध ने सरकारी दावों को खोखला कर दिया है। पंचायत चुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया गया। जनता सब समझ चुकी है। 2022 के चुनाव में पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। बसपा सरकार में समाज के हर वर्ग को सम्मान मिलता है। राजभर के जिले में आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह माला पहनाकर स्वागत किया।

## अनाथ बच्चों की सहायता को प्रशासन रहेगा तत्पर

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की गुरुवार को शुरूआत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका वर्चुअल शुभारंभ किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने 13 बच्चों के संरक्षक को स्वीकृति पत्र दिया। जबकि 50 के खाते में 12-12 हजार भरण-पोषण राशि भेजी गई। उन्होंने अनाथ हुए बच्चों को दुलार भी किया। कहा कि प्रशासन उनकी सहायता के लिए हर समय तैयार रहेगा।वर्चुअल कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में बच्चों, उनके संरक्षक संग अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल के उद्बोधन को सुना। डीएम ने सभी पीड़ित परिवार और बच्चों से भेंट कर उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण होगा। मुख्य विकास अधिकारी और जिला प्रोबेशन अधिकारी समय-समय पर उनसे संपर्क कर समस्या से अवगत होंगे। बच्चों की शिक्षा एवं भरण-पोषण में कोई समस्या होगी तो उसको प्रशासन पूर्ण करेगा। इसमें रोजगार दिलाने, वरासत कराने, पीड़ित परिवार को विभिनन योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अधिकारी सक्रिय रहेंगे। उन्होंने बताया कि चिन्हित बच्चों का सत्यापन कराया जा रहा है। जल्द ही शेष बच्चों के खाते में सहायता राशि पहुंच जाएगी।



## राजकीय नलकूप 6 माह से खराब, सिंचाई के लिए परेशान किसान

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** जिले के सुरियावां विकास खंड के अंतर्गत ग्रामसभा कुशौड़ा में लगा राजकीय नलकूप द्वितीय की यांत्रिक खराबी के चलते विगत 6 माह से नलकूप बंद पड़ा है जिसके चलते आसपास के किसानों को सिंचाई के लिए परेशान होना पड़ रहा है। बताया जाता है कि राजकीय नलकूप संख्या 352 स्टार्टर की मामूली खराबी के चलते विगत 6 महीने से बंद पड़ा है। कई संबंध में गांव गांव के किसानों द्वारा बार संबंधित अधिकारियों से बार-बार कहा गया किंतु आज तक स्टार्टर ठीक नहीं कराया जा सका है। नलकूप खराब होने के चलते किसान खेतों में बुवाई नहीं कर पा रहे हैं। पूर्व ग्राम प्रधान संजय श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि राजकीय नलकूप को तत्काल ठीक करा कर चालू करवाया जाए, जिससे किसानों को परेशानी न हो।

## राजमार्ग पर बाइक में लगी आग, युवक झुलसा

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** राजमार्ग पर घोसिया तिराहा के पास गुरुवार को दोपहर में उस समय चीख-पुकार शुरू हो गई जब चलती बाइक में आग लग गई। इससे बाइक सवार अभिषेक शर्मा (25) निवासी सिगरा-वाराणसी झुलस गया।

जानकारी पर फायर ब्रिगेड के साथ पुलिस टीम ने किसी तरह जलती बाइक को बुझाकर युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अभिषेक एक युवती के साथ अपाचे बाइक से वाराणसी की ओर जा रहा था। वह जैसे ही स्टेट बैंक घोसिया के पहुंचा तो पीछे से किसी वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे बाइक समेत दोनों गिर पड़े। बाइक धू-धू कर जलने लगी। बचने के चक्कर में अभिषेक बाइक की आग से झुलस गया और युवती को खरोंच तक नहीं आई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड के सुशील कुमार यादव, रविंद्रनाथ दूबे, राधेश्याम पटेल, सत्यदेव यादव थाना पुलिस ने पहुंच कर आग बुझाई। प्रभारी निरीक्षक सदानंद सिंह ने बताया कि आग बुझने के बाद अभिषेक का प्राथमिक इलाज निजी अस्पताल में कराकर युवती के साथ दूसरे वाहन से वाराणसी भेजा गया। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर होने वाली यातायात नियमों की अनदेखी के मामले में परिवहन और यातायात पुलिस मौन है। मंगलवार की रात माधोसिंह अंडरपास ब्रिज पर बाइक चालक सूर्यप्रसाद मिश्रा (21) निवासी बलुआ-रजपुरा वाराणसी की मौत और गुरुवार को घोसिया के पास जली बाइक ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। जहांगीरा बाद के मानिकचंद, लालानगर के रामकुमार, खमरिया नगर के हसनैन अंसारी आदि ने कहा कि पूर्व के दिनों में हो चुकी घटनाओं का कारण बड़े वाहनों की रफ्तार बनी है लेकिन परिवहन विभाग यातायात सप्ताह के नाम पर मात्र खानापूर्ति कर रहा है। रात के समय निर्धारित गति 40 किमी की सीमा तोड़कर 80 और 120 किमी प्रति घंटा की रफ्तार उस समय ओवरब्रिज और अंडरपास से ब्रिज से गुजरने वाले बाइक, लग्जरी कार, छोटे माल वाहनों पर सवार लोगों पर पड़ जाती है बड़े वाहन टक्कर मारने के बाद भाग जाते हैं। एआरटीओ अरुण कुमार ने बताया कि शिकायत पर टीम सक्रिय है।

## नगरपालिका परिषद अधिशासी अधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड को लिखा पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** भदोही जिले के गोपीगंज नगरपालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र लिख कर हाईटेंशन तार के नीचे जारी लगाए जाने की बात कही है। बता दें कि नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह ने विद्युत विभाग को कई बार अवगत कराया कि नगर में हाईटेंशन के ग्यारह हजार बोल्ट का तार नगरीय क्षेत्र के अंदर लगाए गए हैं, जो पोलो के ऊपर से गया है। आए दिन कई बार तार टूट कर गिर जाने से पालिका के सोलर लाइट आदि के जलने के कारण पालिका को लाखो की क्षति हो चुकी है। और कई बार पत्रांक भी किया जा चुका है, परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई। पत्र में अवगत कराया कि बीते 21 जुलाई को विद्युत विभाग का ग्यारह हजार बोल्ट का तार पोलो पर गिर जाने से 23 अदद 90/120 वाट की एल ई डी, स्ट्रीट लाइट जल जाने से जहां पथ प्रकाश की व्यवस्था बंद हो गई, वही पालिका को लाखों रुपए की क्षति भी उठानी पड़ी। अमिता सिंह ने बताया कि बार बार तार के टूटने से अब तक कुल 331 एल ई डी लाइटे जल चुकी है। अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र लिख कर तत्काल ग्यारह हजार बोल्ट की तार के नीचे जाली लगवाने और इंसुलेटर वायर डलवाने की मांग की है जिससे आमजन के साथ एलईडी लाइटें आदि सुरक्षित रहें।

## राहत कोष से नहीं मिला सहायता

**भदोही।** जिले के कोइरौना थाना क्षेत्र के भटगवा गांव निवासी रामराज राय की 14 वर्षीय पुत्री खूशबू की मौत बीते 19 जुलाई17 को गंगा नदी में सनन करते समय हो गई थी। घटना के बाद मौके पर पहुंचे पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतक पुत्री के पीड़ित परिवार को सहायता की सिफारिश किया था। जिलाधिकारी भदोही द्वारा पत्रांक संख्या 161/नाजिर सदर/2017दिनाक 10नवम्बर 2017के माध्यम से अनु सचिव मुख्यमंत्री उप्र शासन अनुभाग 4 लखनऊ को प्रेषित किया गया था। लेकिन आज तक रामराज को सहायता राशि नहीं मिली। आरोप है कि वह सहायता राशि के लिए मुख्यालय का चक्कर लगाते लगाते थक चुके हैं। उप जिलाधिकारी द्वारा 11जून18 को उसे सूचित किया गया था, कि शासन द्वारा धनराशि उपलब्ध होते ही उसे धनराशि उपलब्ध करा दिया जाएगा।



## सड़क के किनारे बांस के झुरमुट के चलते दुर्घटना बढ़ी

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** जिले के कोइरौना थाना क्षेत्र के जंगीगंज-धनतुलसी मीग का चौड़ीकरण होने के बाद पटरियों का निर्माण ठेकेदार द्वारा नहीं कराया गया, जिससे मननी से लेकर दुगुना मोड़ तक सड़क पर बांस और अन्य वृक्ष आधे सड़क तक फैले हुए हैं। जिसके चलते सामने आ रहे वाहन का पता नही चलता और एकाएक सामने पहुंचने पर दुर्घटना हो जाती है। बता दें कि पिछले दिनों कूडीखूर्द गांव निवासी मुनू केसरवानी का दूगूना मोड़ पर अचानक सामने आ रहे वाहन से बचने के चक्कर में पेड़ से टकराने गया और उसकी मौत हो गई। इसी तरह एक ट्रैक्टर भी पलट गया था। स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग से मांग किया है कि धनतुलसी जंगीगंज मीग पर सडक पर फैले पेड़ों की साफ़ई कराकर यातायात को सुगम बनाये जाने की मांग की है।

## ट्रेन से कटी महिला की हुई शिनाख्त

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** जनपद के सुरियावां थाना क्षेत्र के वाराणसी जंघई रेलखंड के अर्जुनपुर गांव के पास बुधवार को 27 वर्षीय महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी। जिसकी शिनाख्त रीता बिन्द पतनी सूबेदार बिंद निवासी सुरियांवा थाना क्षेत्र के पट्टीबेजांव गांव के रूप में हुई है। परिजनों ने सूचना मिलने पर थाने पर पहुंचकर शिनाख्त की। घटना के संबंध में दुर्गागंज थानाध्यक्ष रामजी यादव ने बताया कि देर रात मृतका की शिनाख्त हुई। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## सम्पादकीय

### सीरो सर्वे का संकेत

67 फीसदी आबादी में एंटी बॉडीज होने का ही एक मतलब यह भी है कि 33 फीसदी आबादी अब भी पूरी तरह अरक्षित है। यह संख्या इतनी बड़ी है कि किसी तरह का रिस्क नहीं लिया जा सकता। लेकिन आम लोगों में कोरोना प्रोटोकॉल को लेकर जिस तरह की लापरवाही दिख रही है, उसमें तीसरी लहर की भयावहता का खतरा बढ़ जाता है। पहली नजर में यह खबर निश्चित रूप से राहत देने वाली है कि देश में छह साल से ऊपर की दो तिहाई से ज्यादा आबादी में कोरोना वायरस की एंटी बॉडीज डिवेलप हो गई है। चौथे सीरो सर्वे की रिपोर्ट से सामने आई यह बात तसल्ली इसलिए भी देती है कि पहली बार इस सर्वे में 18 साल से कम उम्र के लोगों को भी शामिल किया गया। छह से 17 साल के बच्चों में भी 50 फीसदी से ज्यादा मामलों में एंटी बॉडीज पाई गई हैं। संभावित तीसरी लहर में बच्चों के ज्यादा प्रभावित होने की आशंका के मद्देजर यह तथ्य खास अहमियत रखता है। इससे पहले दिसंबर-जनवरी में करवाए गए तीसरे सीरो सर्वे की रिपोर्ट में महज 21 फीसदी आबादी में एंटी बॉडीज पाई गई थी। जाहिर है, दूसरी लहर चाहे जितनी भी विनाशकारी साबित हुई, इस दौरान हुए एंटी बॉडीज के फैलाव ने भविष्य के लिए हमें थोड़ा आश्वस्त जरूर किया है। इसके साथ जुड़ा हुआ खतरा यह है कि हम इससे कुछ ज्यादा ही आश्वस्त न हो जाएं। 67 फीसदी आबादी में एंटी बॉडीज होने का ही एक मतलब यह भी है कि 33 फीसदी आबादी अब भी पूरी तरह अरक्षित है। यह संख्या इतनी बड़ी है कि किसी तरह का रिस्क नहीं लिया जा सकता। लेकिन आम लोगों में कोरोना प्रोटोकॉल को लेकर जिस तरह की लापरवाही दिख रही है, उसमें तीसरी लहर की भयावहता का खतरा बढ़ जाता है।

जाहिर है, इकलौता रास्ता यही है कि टीकाकरण अभियान में अधिकतम संभव तेजी लाकर जल्दी से जल्दी आबादी के ज्यादा से ज्यादा हिस्से को सुरक्षित कर लिया जाए। दुर्भाग्यवश इस मोर्चे पर भी कई तरह की ढिलाई दिखती है। आज भी कई राज्यों के ग्रामीण इलाकों में टीके को लेकर आम लोगों में बेरुखी दिखाई देती है। बिहार जैसे राज्यों से ऐसी खबरें मिल ही रही हैं कि स्वास्थ्यकमिन्यों की टीम के गांव में पहुंचने और मंदिर-मस्जिद से लगातार अपील किए जाने के बाद भी लोग टीकाकेंद्रों पर नहीं जा रहे। टीकाकरण अभियान एक दिन का रेकॉर्ड बनाने वाला जोश दिखाने के बाद शिथिल पड़ने लगा। 21 जून को 85 लाख से ज्यादा टीके लगाए गए, लेकिन उसके बाद धीरे-धीरे हालत यह हो गई कि इस सोमवार को पिछले पूरे सप्ताह का औसत 38.62 लाख पाया गया। खास बात यह कि इसका पूरा दोष लोगों की बेरुखी पर नहीं डाला जा सकता। टीके की सप्लाई में कमी भी बहुत बड़ी वजह है। मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के कई इलाकों में लोग टीका केंद्रों पर पहुंच कर घंटों इंतजार करते हैं और जब सीमित मात्रा में टीके पहुंचते हैं तो टोकन लेने के लिए ऐसी होड़ मचती है कि कोरोना प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ती दिखाई देने लगती हैं। ऐसी अव्यवस्था और सप्लाई की अनियमितता दूर करके ही हम तीसरी लहर के खतरे को कम करने की सोच सकते हैं।

# जासूसी तो होती है, लेकिन इस तरह की नहीं

**वेदप्रताप वैदिक**

सरकारी जासूसी का जैसा रहस्योद?्घाटन आजकल हो रहा है, स्वतंत्र भारत में शायद पहले कभी नहीं हुआ। वैसे, दुनिया की कोई सरकार ऐसी नहीं, जो जासूसी का पूरा तंत्र न चलाती हो, लेकिन लोकतंत्र में जासूसी भी कुछ कानून-कायदों के मुताबिक चलती है। उसे कुछ मर्यादाओं का पालन करना होता है। इस बार हमारी संसद में सरकारी जासूसी का ऐसा मामला उठा है, जिसके कारण सरकार की मुश्किल बढ़ी है।

इस्राइल की एनएसओ नामक कंपनी का एक सॉफ्टवेयर है, पेगासस। इस सॉफ्टवेयर की खूबी यह है कि यह किसी के फोन और कंप्यूटर पर होने वाली बातचीत, संदेशों और चित्रों को रेकॉर्ड कर लेता है और उस व्यक्ति को इसकी भनक तक नहीं लगती। इसका उपयोग दुनिया के 40 देशों की 60 संस्थाएं कर रही हैं। इसके द्वारा लगभग 50 हजार लोगों की जासूसी की जाती है। संसद में विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया है कि पेगासस की सूची में 300 भारतीयों के नाम हैं। इनमें 40 पत्रकार, दो केंद्रीय मंत्री, तीन विरोधी नेता, एक पूर्व न्यायाधीश, एक पूर्व चुनाव आयुक्त और कई अन्य व्यवसायों से जुड़े लोग भी हैं।

नए-नए नाम रोज प्रकट होते जा रहे हैं। एनएसओ ने दावा किया है कि वह अपना सॉफ्टवेयर सिर्फ प्रामाणिक सरकारों को बेचती है ताकि वे आतंकवादियों, संगीन अपराधियों, तस्करों और विदेशी जासूसों पर निगरानी रख सकें। भारत में जितने बड़े पैमाने पर जासूसी की बात सामने आई है, उसके मद्देनजर कहा जा रहा है कि खरीदी गई पेगासस की कीमत लगभग 500 करोड़ रुपये होगी। क्या कोई गैर-सरकारी संस्था इस यंत्र पर इतना पैसा खर्च करेगी? भारत सरकार की ओर से इन आरोपों का जवाब देने की जिम्मेदारी आई नव-नियुक्त सूचना तकनीक मंत्री अश्विनी वैष्णव पर! दिलचस्प बात यह है कि खुद वैष्णव का नाम भी उस सूची में है, जिनकी कथित तौर पर जासूसी हो रही थी। वैष्णव ने दो-टूक शब्दों में कहा है कि अवैध जासूसी की यह खबर निराधार है। भारत सरकार जासूसी का कोई भी गैर-कानूनी काम नहीं करती। लेकिन संसद और देश की जनता यह जानना चाहेगी कि भारत सरकार कौन से कानून के तहत जासूसी करती है? ऐसे दो कानून हैं। एक तो 1885 का इंडियन टेलिग्राफिक एक्ट और दूसरा 2000 का सूचना तकनीक एक्ट! इन दोनों कानूनों के तहत हजारों लोगों के फोन टैप किए जाते रहे हैं और चिट्ठियां पढ़ी जाती रही हैं। कांग्रेस सरकार ने 2013 में बताया था कि उसने 7500 से 9000 फोन टैप किए थे। इस तरह की सभी जासूसी हमारी केंद्र और राज्यों की सरकारें 'कानून के मुताबिक' करती हैं।

यह कानून क्या है? यह कानून सिर्फ यही है कि गृह-सचिव को जिस व्यक्ति के खिलाफ कुछ भी संदेह हो या जिसके बारे में भी ऊपर से इशारा हो, उसके खिलाफ जासूसी शुरू करवा दे। उसे यह मनमाना अधिकार है। उसे किसी को बताने या किसी की सहमति लेने की जरूरत नहीं है। इस अधिकार का उसने दुरुपयोग तो नहीं किया है, इस प्रशन्न की जांच के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष व्यवस्था नहीं है। यह काम कैबिनेट सचिव और दो अन्य नौकरशाहों के जिम्मे लगा दिया जाता है। वे क्या करेंगे? वे वही करेंगे, जो मंत्री कहेगा। नौकरशाहों के निणन्य ठीक हैं या नहीं, इसका फैसला या तो किसी न्यायाधीश या सांसदों की किसी कमिटी के हाथ में होना चाहिए। सांसदों की कमिटी क्या किसी नेता के विरुद्ध जासूसी होने देगी? यदि कोई नेता आतंकवाद, देशद्रोह या खून-खराबे में लिप्त हो तो वह ऐसा क्यों नहीं होने देगी? असली दिक्कत तब उपस्थित होती है, जब सरकारें जासूसी का इस्तेमाल राष्ट्रहित नहीं, स्वहित के लिए करती हैं। वरना क्या वजह है कि पत्रकारों, विपक्षी नेताओं, जजों, उद्योगपतियों और अपने मंत्रियों को भी सरकार निशाना बनाती है? इस मामले में जिन लोगों की जासूसी करने के कथित आरोप लग रहे हैं, क्या वे राष्ट्रविरोधी हरकतों में शामिल हैं? अगर ऐसा है तो सरकार स्वयं उनके नाम प्रकट क्यों नहीं करती?

पत्रकारों के खिलाफ जासूसी तो इसीलिए की जाती है कि उनकी खबरों के गुप्त स्रोतों का सरकार को पता चल सके। पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा खंभा है। यह खंभा अगर खोखला हो गया तो विधानपालिका और न्यायपालिका का कोई महत्व नहीं रह जाएगा। पत्रकारों और सच्चे नेताओं का जीवन खुली किताब की तरह होता है। उनके पास छिपाने के लिए कुछ नहीं होता। उन्हें जो कहना या करना होता है, उसे वे खम ठोककर खुले-आम करते हैं। यदि उनका कोई दोष हो तो सरकार जरूर बताए। दोषियों के नाम प्रकट करने में सरकार को डर क्या है? संसद में हंगामा होने पर सूचना तकनीक मंत्री वैष्णव ने जो जवाब दिया, वह खानापूर्ति के अलावा कुछ नहीं है। उन्होंने यह क्यों नहीं बताया कि सरकार ने पेगासस का इस्तेमाल किया है या नहीं? यह सच है कि जासूसी किए बिना कोई सरकार नहीं चल सकती। दुनिया की सभी सरकारें अपना जासूसी-तंत्र मजबूती से चलाती हैं। लेकिन यदि उसकी पोल खुल जाए तो फिर वह जासूसी-तंत्र ही क्या हुआ? इस पेगासस का ढक्कन उघाड़ा है, फ्रांस की संस्था 'फॉरबिडन स्टोरीज' और एमनेस्टी इंटरनैशनल ने। दुनिया के कई प्रसिद्ध अखबार इस रहस्योद?्घाटन में जुटे हुए हैं।

इस जासूसी के मामले में भारत सरकार का रवैया दो-टूक होना चाहिए। या तो वह सारे तथ्य स्वयं ही प्रकट कर दे या उन लोगों से माफी मांगे, जिन निर्दोष लोगों पर वह जान-बूझकर या अनजाने में जासूसी कर रही थी। यदि वह ऐसा नहीं करती है तो यह माना जाएगा कि वह निजता, गोपनीयता और आत्माभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन कर रही है।

# अंतरिक्ष को आबाद करने का देखा है ख्वाब

**अखिलेश प्रताप सिंह**

ऐमजॉन के संस्थापक जेफ बेजोस की रॉकेट कंपनी मंगलवार को पहली बार लोगों को अंतरिक्ष में ले गई। इनमें वह, उनके भाई और दो और लोग थे। यह यात्रा 10 मिनट 10 सेकंड की थी। धरती पर लौटने के बाद बेजोस ने कहा, 'यह मेरी जिंदगी का सबसे अच्छा दिन है।' इस साल के अंत तक उनकी कंपनी ने दो और ऐसी यात्राओं की योजना बनाई है। उनसे 9 दिन पहले एक और अरबपति रिचर्ड ब्रैनसन भी अंतरिक्ष में गए थे, लेकिन अंतरिक्ष को लेकर दोनों अरबपतियों की सोच में जमीन-आसमान का फर्क है। बेजोस अंतरिक्ष में इंसानी बस्तियां बसाना चाहते हैं। अंतरिक्ष को लेकर बचपन से ही एक अलग सपना देखते आए हैं वह। जब वह हाई स्कूल में थे, तब उनके हाथ लगी साइंटिस्ट जेरार्ड के ओ नील की किताब 'द हाई फ्रंटियर'। 1976 की उस साइंस फिक्शन में अंतरिक्ष में बस्तियां बसाने का प्लान था। कुछ इस तरह कि धरती और चंद्रमा के बीच मीलों लंबे सिलिंडर तैरते रहें, जिनमें मिट्टी, हवा, पानी सहित इंसानों के रहने के सारे इंतजाम हों। बेजोस के दिमाग पर छा गई वह किताब और सीनियर हाई स्कूल में अपनी ग्रैजुएशन स्पीच में उन्होंने अपने दिल की बात सबके सामने रख दी। ऐमजॉन की शुरुआत के बाद बेजोस अपने कारोबारी साम्राज्य में एक के बाद एक नगीने जोड़ते रहे, लेकिन उस ख्वाब से नजर नहीं हटी। उसे पूरा करने के लिए साल 2000 में उन्होंने एक कंपनी ही खोल ली- ब्लू ओरिजिन।

बेजोस के इस अंतरिक्ष प्रेम के पीछे अमेरिकी साइंस फिक्शन सीरीज स्टार ट्रेक का भी योगदान है, जिसमें बचपन से ही रम गया था उनका मन। उसके एक किरदार जेफ्रम के नाम पर उन्होंने एक होल्डिंग कंपनी का नाम रख दिया जेफ्रम। यही नहीं, फिल्म 'स्टार ट्रेक बियॉन्ड' में उन्होंने अभिनय भी किया। बेजोस का कहना है कि स्टार ट्रेक सीरीज के बोलते कंप्यूटरों को देखकर उनके मन में एमेजॉन इको स्पीकर और एलेक्सा का खयाल आया था।

बेजोस के करीबियों का कहना है कि उन्होंने यह सोचकर सेहत पर इतना फोकस किया कि अंतरिक्ष में जाने का दिन जरूर आएगा। 20 जुलाई 2021 को वह दिन आ ही गया। वह अपनी कंपनी के रॉकेट न्यू शेपर्ड में सवार होकर अंतरिक्ष की ओर रवाना हुए और धरती से करीब 100 किलोमीटर दूर अंतरिक्ष की दहलीज मानी जाने वाली कारमैन लाइन को पार किया। करीब 3 मिनट तक जीरो ग्रैविटी की सिचुएशन में रहने के बाद दूसरे यात्रियों के साथ वह धरती पर लौट आए। न्यू शेपर्ड रॉकेट ने एक खास ऊंचाई पर पहुंचने के बाद यात्रियों के कैप्सूल को जीरो ग्रैविटी वाली सिचुएशन में उछाल दिया और धरती की ओर आने लगा। कैप्सूल के यात्री भी कारमैन लाइन पार करने के तुरंत बाद धरती की ओर लौटने लगे। रॉकेट की लैंडिंग अलग हुई और कैप्सूल की अलग। न्यू शेपर्ड रॉकेट इससे पहले 15 बार ऐसी यात्रा कर चुका है, लेकिन इससे पहले कभी भी वह इंसानों को लेकर नहीं गया था।

इस रॉकेट में छह लोगों को ले जाने की सुविधा है। यह ऑटोनॉमस तरीके से उड़ता है यानी इसमें पायलट की जरूरत नहीं होती। बड़े आकार की खिड़कियां हैं इसमें, जिनसे जीरो ग्रैविटी के दौरान धरती का नजारा लिया जा सकता है। बेजोस के विजन के मुताबिक, रॉकेट और कैप्सूल इस तरह बनाए गए हैं कि उन्हें बार-बार इस्तेमाल किया जा सकता है। उनके साथ इस यात्रा में भाई मार्क के अलावा 1960 के दशक में नासा से ट्रेनिंग ले चुकीं एस्ट्रोनॉट वैली फंक भी थीं। एस्ट्रोनॉट ट्रेनिंग लेने के बावजूद महिला होने के कारण फंक को नासा ने कभी अपने कोर मिशन में शामिल नहीं किया। तो अब 82 साल की हो चुकीं वैली फंक का ख्वाब भी बेजोस ने पूरा कर दिया। एक और यात्री थे 18 साल के फिजिक्स स्टूडेंट ओलिवर डेमेन। ओलिवर जहां अंतरिक्ष में जाने वाले सबसे युवा एस्ट्रोनॉट बने, वहीं वैली फंक सबसे उम्रदराज। 20 जुलाई इस मायने में भी खास है कि उसी दिन अपोलो 11 मिशन की 52वीं सालगिरह थी। चांद पर इंसान के पहुंचने का ऐतिहासिक दिन। बेजोस ने भी अंतरिक्ष यात्रा के साथ एक इतिहास बना डाला है।

# विपक्ष का हथियार बनी महंगाई की मार

**नरेंद्र नाथ**

केंद्र में मोदी की अगुआई वाली एनडीए सरकार के सात साल से ज्यादा होने के बाद अब लगता है कि विपक्ष को ऐसी जमीन मिली है जहां से खड़े होकर वह बीजेपी और केंद्र सरकार को चुनौती देने की सोच सकता है। वह जमीन है लोगों के रोजमर्रा के जीवन से जुड़े आर्थिक मसलों की। मुद्दे ये पहले भी थे, लेकिन लोगों के बीच इन मुद्दों को लेकर ज्यादा बेचैनी नहीं दिखती थी। आर्थिक मोर्चे पर तमाम तरह की दिक्कतें लोग काफी समय से झेल रहे हैं, लेकिन एक तो वे इसे अपने जीवन का हिस्सा मानने लगे थे, दूसरे वे इसके लिए पिछले 70 साल की अव्यवस्था और अनियमितता को जिम्मेदार समझते थे। तीसरी बात यह कि कुछ समय पहले तक ये दिक्कतें उन्हें अपनी सहन करने की सीमा के अंदर लगती थीं। मगर कोरोना की पहली और दूसरी लहर से उपजे हालात ने न केवल इन दिक्कतों को अप्रत्याशित ढंग से बढ़ा दिया बल्कि सरकारों के प्रयास से धीरे-धीरे हालात बेहतर होने की उम्मीदों को भी तहस-नहस कर दिया। लिहाजा विपक्ष को अब इसमें अपने लिए एक अवसर दिख रहा है।

बीजेपी और केंद्र सरकार को पता है कि आर्थिक मोर्चे पर चुनौती गंभीर है और इसका सियासी प्रभाव भी अनुकूल नहीं होगा। लेकिन सरकार को यह भी पता है कि उसके पास सीमित विकल्प हैं। कोविड से पहले से ठंडी पड़ी मांग अभी सबसे खराब दौर से गुजर रही है। हालांकि सरकार ने शुरू में इस सुस्ती को अल्पकालिक बताया था लेकिन यह बात सही साबित नहीं हुई। डिमांड न होने से आर्थिक वृद्धि को लगातार झटका लग रहा है। इस मोर्चे पर हालात दिनोदिन कमजोर ही होते गए।

इन्हीं चुनौतियों के बीच एनडीए सरकार के लिए चिंता बढ़ाने वाली एक और चीज सामने आई है। वह है महंगाई। पिछले सात सालों में पहली बार सरकार महंगाई और आर्थिक सुस्ती का डबल झटका झेल रही है। पिछले दिनों आए सर्वे में भी यह बात सामने आई कि भले अभी भी अधिकतर लोग सरकार के साथ हैं लेकिन कुछ साल पहले जो लोग सकारात्मक थे वे भी इकॉनमी के मोर्चे पर सरकार से मायूस दिख रहे हैं। अपनी आय, महंगाई और सरकार की नीतियों को लेकर निराश लोगों की तादाद तेजी से बढ़ी है। इनमें से बड़ी संख्या उन लोगों की है जो मध्य वर्ग से आते हैं और सरकार समर्थक की भूमिका में रहे हैं।

सरकार अपने सीमित संसाधनों के साथ इनमें से कितनों की कितनी मदद कर पाएगी, कहना मुश्किल है। लेकिन उसे पता है कि इस मोर्चे पर जूझना ही होगा वरना आने वाले दिन और मुश्किल भर हो सकते हैं। इसी कोशिश में सरकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता वापस दिया गया। लेकिन यह काफी नहीं है। सरकार पर आम लोगों को भी सीधा नगद देने का दबाव बनाया जा रहा है। कई विशेषज्ञों ने भी मांग बढ़ाने के लिए इस उपाय को अमल में लाने को कहा है। लेकिन सरकार अभी इसमें हड़बड़ी दिखाने के मूड में नहीं है। हो सकता है यह ब्रह्मास्त्र चुनावों के और करीब आने के बाद इस्तेमाल करने के लिए सुरक्षित रखा जा रहा हो। विपक्ष इस मुद्दे को हाथ से जाने देने के लिए तैयार नहीं है। उसे अहसास हो चुका है कि आर्थिक मंदी से जुड़े मुद्दे पर ही वह मोदी की अगुआई वाली बीजेपी से टकरा सकता है। यही कारण है कि हिंदुत्व या राष्ट्रवाद जैसे मुद्दों पर लगातार बैकफुट पर धकेले जाने वाले विपक्ष ने अब अपना पूरा फोकस इकॉनमी पर बना लिया है। सरकार के पहले कार्यकाल में आर्थिक मंदी की मार वैसी तीखी नहीं थी। लेकिन दूसरे कार्यकाल में कोविड महामारी के बाद आर्थिक तंगी और बेरोजगारी ने आम लोगों को बेहाल कर रखा है। जानकारों के अनुसार अभी यह समस्या कुछ महीनों तक बनी रह सकती है। ऐसे में पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतें रही-सही कसर भी पूरी कर दे रही हैं। विपक्ष की सक्रियता दिखने भी लगी है। पिछले पंद्रह दिनों के अंदर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आरजेडी, टीएमसी सहित तमाम विपक्षी दल इस मुद्दे को लेकर सड़क पर भी उतरे हैं। सोशल मीडिया पर वे सरकार के विरुद्ध लगातार आवाज उठा रहे हैं। सोमवार को शुरू हुए संसद सत्र में पेट्रोल के मसले पर लगभग पूरा विपक्ष एकजुट नजर आया। कांग्रेस के एक सीनियर नेता ने एनबीटी से कहा कि अगले कुछ दिनों में मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों पर हमला करते हुए सड़क पर भी उतरा जाएगा। विपक्षी नेताओं की साझा रणनीति उसके विरोध को ज्यादा असरदार बनाएगी, ऐसी उसे पूरी उम्मीद है।

हालांकि अपनी इस नई रणनीति पर जोर देते हुए विपक्ष परोक्ष रूप से यह भी स्वीकार कर रहा है कि वह आम जनों से जुड़े मसलों को उठाने में अब तक उतना प्रभावी नहीं रहा जितनी उससे अपेक्षा थी। कांग्रेस की उच्च स्तरीय बैठक में भी कुछ नेताओं ने इस बात को उठाया था कि पार्टी सही मुद्दे का चयन करने में अब तक चूक करती रही है। उसके बाद ही पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने खासकर महंगाई पर किस तरह सरकार पर हमला करें, इसकी रणनीति बनाने के लिए मीटिंग बुलाई। टीएमसी के एक सांसद ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हालिया विधानसभा चुनावों से पहले बीजेपी ममता बनर्जी के खिलाफ आक्रामक तेवर दिखा रही थी। तब ममता ने अपने चुनावी कैंपेन की शुरुआत एलपीजी गैस की बढ़ती कीमतों पर प्रदर्शन के साथ की। विपक्ष को यह भी लगता है कि महंगाई का मुद्दा प्रभावी ढंग से उठाने से महिला वोटरों पर सबसे अधिक असर पड़ेगा। हालिया चुनावों में महिला वोटर सबसे अधिक प्रभावी रही हैं। नैरेटिव सेट करने से लेकर चुनाव परिणाम तक में उनका दखल बढ़ा है।

# तुम थकना तो मेरी छांव में आना

**प्रभुनाथ शुक्ला**

आंगन के मेरे आहाते में अमरूद का एक पेड़ है। बेहद खूबसूरत और मासूम सा। कितना कोमल अंकुरण था उसका, लेकिन समय के साथ अब वह तरुण हो गया है।चिलचिलाती धूप में हमने उसके तने को शीतल जल से सींचा। उसकी निराई और गुणाई की। अब वह समझने लगा है अपनी जिम्मेदारियों को। बारिश आने से पहले ही उसकी टहनियों में सुंदर सफ़ेद फूल आ गए थे। बाद में फल भी उसमें आ गए। बारिश आई तो फलों ने बड़ा आकार लिया। अब वह मीठा फल देने लगा है। अब वह मेरी मेहनत का दाम लौटने लगा है। जैसे वह मेरा ऐहसान नहीं लेना चाहता। प्रकृति किसी से कुछ लेती नहीं वह सिर्फ देती है। शायद इसी सिद्धांत का पालन वह आमरूद भी करना चाहता है।वह अपना सब कुछ मुझे लौटाना चाहता है। फल के रुप में मिठास देना चाहता है। चिड़ियों को भी बुलाने लगा है।अपने पके हुए फल उन्हें समर्पित कर देता है। चिडि़या पके फल पर चोट मारने लगी है। चोंच मारकर मीठे फल का आनंद ले रहीं हैं। घोंषले में चीं-चीं करते बच्चों को भी मिठास का स्वाद चखा रहीं हैं। चोंच और इंसान की हजार पीड़ा सहने के बाद भी वह लूट जाना चाहता है। जैसे समर्पण उसकी नियति बन गई है। मेरे आंगन का आमरूद कितना परोपकारी है। वह सब कुछ लुटाने को तैयार है। वह हमें संदेश देता है कि तुम मेरे लिए थोड़ा सा करो मैं तुम्हारी जिंदगी और पीढ़ियों के लिए करूँगा। मैं तुम्हें फल दूंगा और शीतल छांव दूंगा। लकडि़यां दूंगा। तुम्हें जिंदगी का अनुभव दूंगा। प्रतिकूल परिस्थितियों में भी कैसे बने रहना है वह मंत्र भी मैं दूंगा। उसने कभी उदास होना नहीं सीखा। थोड़े सकून में भी वह मुस्कुराता रहता है। जब उसकी डालियों में मीठे फल आते हैं तो वह इतराता नहीं खुद झुक जाता है। लोगों को बुलाता है कि आओ और मुझे तोड़ लो। वह संदेश देता है मैं तुम्हारे और संसार के दूसरे प्राणियों के लिए जीता हूँ। तुमने मुझे पालपोष कर बड़ा किया है। फिर मैं तुम्हें कैसे भूल सकता हूँ। आँगन का आमरूद शायद मुझसे कहता है तुमने तो मुझे सब कुछ दिया। तुम्हीं ने तो मुझे पालपोष कर इतना बड़ा किया। कौन था मेरा जो मुझे पालता। भीषण गर्मी में सूखती मेरी जड़ों में तुमने शीतल जल से सींचा। फिर मैं तुझे भूल पाऊंगा क्या। अब तो मेरा वक्त आ गया है जब मैं तुम्हारे लिए करूँ। तुम कभी हारना नहीं, अरे हाँ ! थकना भी नहीं। छोड़ो कल की बातें। कल का बोझ क्यों उठाए रहते हो। वर्तमान में जीना और उसी को बेहतर बनाना सीखो। जब वर्तमान बनेगा तो भविष्य अपने आप बन जाएगा। कल को किसी ने देखा नहीं है। फिर जिसे तुमने देखा नहीं, जाना नहीं और जिया नहीं उसके बारे में व्यर्थ की चिंता क्यों करते हो। कल तूफ़ान आएगा तो मेरा अस्तित्व मिटा देगा। फिर क्या मैं तूफान की चिंता में वर्तमान को ही मार डालूँ। आज तुम्हें मैं जो दे रहा हूँ वह क्या दे पाऊंगा ? कल की बातें छोड़ो सिर्फ वर्तमान में जियो। अरे हां! तुमसे बतियाने का खूब मन करता है। देखो, दुनिया कितनी बदल गई है ना, सबको तो बस अपनी ही पड़ी है। कोई दूसरे की सुनता ही नहीं, कोई दूसरे को पढ़ता ही नहीं। कोई दूसरे को जानता ही नहीं। आओ मैं और तुम अपने मन की बातें करते हैं। दोस्त जिंदगी को एक मुस्कुराता हुआ गुलदस्ता बनाओ। जब फुर्सत मिले थोड़े मुस्कुराते जाओ। देखो जिंदगी कितनी आसान और हसीन हो जाएगी। मैं चाहता हूं जब तुम थक जाओ, जब तुम हार जाओ तो मेरी तरफ देख लिया करो। मैं तुम्हारा हौसला और संकल्प हूं। मैं तुम्हारा प्रकल्प हूँ। जीवन जीने का रास्ता भी हूँ। तुम कभी प्रकृति की तरफ देखते ही नहीं। वह संदेश देती है, लेकिन तुम उसे अनसुना कर देते हो। वह तुम्हें संभालती है। जीवन पथ पर तुम्हारे संकल्पों की याद दिलाती है।

# ज्ञान की रोशनी से अंधकार को मिटाते हैं गुरु

**योगेश कुमार गोयल**

**गुरु पूर्णिमा पर विशेष**

गुरु पूर्णिमा (24 जुलाई) पर विशेष योगेश कुमार गोयल प्राचीनकाल से ही गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु की पूजा का चलन है। इस वर्ष गुरु पूर्णिमा 24 जुलाई को मनाई जा रही है। दरअसल प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। गुरु पूर्णिमा का संबंध महाभारत के रचयिता महर्षि श्रीकृष्ण द्वैपायन से जुड़ा है, जिनका जन्म इसी दिन हुआ माना जाता है। संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान महर्षि द्वैपायन ने ही सनातन धर्म के चारों वेदों की रचना की थी, इसीलिए उन्हें महर्षि वेद व्यास के नाम से जाना गया।

वैसे तो गुरु पूर्णिमा का पर्व शास्त्रों में गुरुओं को समर्पित है लेकिन सही मायनों में यह आदिगुरु वेद व्यास के सम्मान में ही मनाया जाता है और इसीलिए 'व्यास पूर्णिमा' भी कहा जाता है। महर्षि वेद व्यास ने एक लाख श्लोक वाला महाभारत, 18 पुराण और ब्रह्मा-सूत्र की रचना के साथ एक वेद को चार वेदों में विस्तारित कर समस्त संसार को ज्ञान से प्रकाशित किया था, इसीलिए उन्हें आदि-गुरु का दर्जा प्राप्त है। हिन्दू धर्म में तो गुरु को ईश्वर से भी बढ़कर माना गया है और गुरु की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा भी गया है कि गुरु ही ब्रह्मा है, गुरु ही विष्णु है, गुरु ही शंकर है, गुरु ही साक्षात् परब्रह्म है, ऐसे सद्गुरु को प्रणाम। गुरु को गुरु इसीलिए कहा जाता है क्योंकि वह अज्ञान रूपी अंधकार को हटाकर जीवन को ज्ञान रूपी प्रकाश से आलोकित करता है। ज्ञान की रोशनी सभी प्रकार के अंधकार को मिटा देती है, इसीलिए जीवन में गुरु का स्थान सबसे ऊंचा है। 'गुरु' में 'गु' शब्द का अर्थ है अंधकार (अज्ञान) और 'रु' का अर्थ है उसे मिटाने वाला और इस प्रकार गुरु का अर्थ हुआ अंधकार रूपी अज्ञान को मिटाने वाला। गुरु ही एकमात्र ऐसा व्यक्ति होता है, जो अंधकार को मिटाकर प्रकाश के उजाले से हमारी अंतरात्मा और मन को प्रकाशित कर सकता है। एक अच्छा गुरु जीवन में रोशनी लाने का कार्य करता है, जिससे जीवन प्रकाशमान हो जाता है। गुरु साधक के अज्ञान को मिटाता है, ताकि वह अपने भीतर सृष्टि के स्रोत का अनुभव कर सके। शास्त्रों में अज्ञान रूपी अंधकार को नष्ट करने वाला जो ब्रह्म रूप प्रकाश है, वही गुरु है अर्थात् अंधकार को हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने वाले को ही 'गुरु' कहा जाता है।

गुरु की महिमा का बखान करते हुए संत कबीरदास कहते हैं:- भली भई जो गुरु मिल्या, नहीं तर होती हाणि। दीपक दिष्टि पतंग ज्यूं, पड़ता पूरी जाणि। कबीरदास के इस दोहे का अर्थ है कि अच्छा हुआ जो गुरु मिल गए, अन्यथा तो मेरी हानि ही होती। जैसे दीपक की अग्नि की ओर पतंगे आकृष्ट हो जाते हैं, वैसे ही मैं भी विषय वासनाओं और माया की और आकृष्ट हो जाता और परिणामस्वरूप अमूल्य जीवन को नष्ट कर देता। मनुस्मृति के अनुसार ऐसे व्यक्ति को ही गुरु बनाना चाहिए, जो क्षमा, दया, तपस्या, पवित्रता, यम, नियम, दान, सत्य, विद्या, संतोष इत्यादि दस गुणों से सम्पनन्न हो। गुरु की कृपा से ही विद्याथिन्यों को विद्या की प्राप्ति होती है और उनके अंदर का अज्ञान तथा अंधकार दूर होता है। गुरु कृपा से ही विश्व के समस्त सुखों, ऐश्वर्य और स्वर्ग की सम्पदा प्राप्त हो सकती है, जो बड़े-बड़े योगियों को भी नसीब नहीं होती। गुरु तथा देवता में समानता के बारे में कहा गया है कि देवताओं के लिए जैसी भक्ति की आवश्यकता है, वैसी ही गुरु के लिए भी है। अच्छे गुरु की कृपा से ईश्वर का साक्षात्कार भी संभव है लेकिन गुरु की कृपा के अभाव में कुछ भी संभव नहीं। वैसे तो गुरु को सभी धर्मों में विशेष महत्व दिया जाता रहा है लेकिन एक अच्छे गुरु का स्थान हिन्दू धर्म में भगवान से भी बढ़कर है। गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागु पांव, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए।

शास्त्रों में कहा गया है कि गुरु के बिना ज्ञान प्राप्त करना कठिन है और अगर शिष्य को अपने गुरु पर पूर्ण विश्वास हो तो उसका बुरा स्वयं गुरु भी नहीं कर सकते। गुरु पूर्णिमा को बौद्ध धर्म के अनुयायी गौतम बुद्ध द्वारा सारनाथ में दिए गए पहले उपदेश के सम्मान में मनाते हैं। सिख धर्म में केवल एक ईश्वर और अपने सभी दसों गुरुओं की वाणी को ही जीवन्न के वास्तविक सत्य के रूप में मानते हैं। जैन धर्म के अनुसार इस दिन को चौमासा अर्थात चार महीने के बारिश के मौसम की शुरुआत के रूप में तथा त्रीनोक गुहा पूर्णिमा के रूप में माना जाता है। गुरु पूर्णिमा का पर्व वास्तव में मानव जीवन में गुरु के विशिष्ट स्थान को दर्शाता है। एक दोहे में गुरु की महिमा के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा गया है:- गुरु को पारस जानिए, करे लौह को स्वर्ण। शिष्य और गुरु जगत में, केवल दो ही वर्ण।

# बांग्लादेश ने पहले टी-20 मैच में जिम्बाब्वे को 8 विकेट से हराया

## मोहम्मद नईम और सौम्य सरकार ने जड़ी फिफ्टी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सलामी बल्लेबाजों मोहम्मद नईम और सौम्य सरकार के बीच 102 रनों की पार्टनरशिप की बदौलत गुरुवार को बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे को पहले टी20 मुकाबले में 8 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।



बांग्लादेश की तरफ से मोहम्मद नईम ने नॉटआउट 63 रन बनाए। वहीं सौम्य सरकार ने 50 रन बनाए। जिम्बाब्वे की टीम 19 ओवर में 152 रन पर ढेर हो गई। उसकी तरफ से रेजिस चकाब्वा ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। बांगलादेश की तरफ से मुस्तफिजुर रहमान ने 31 रन देकर तीन विकेट लिए। चकाब्वा ने पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से यह आतिशी पारी खेली। मोहम्मद सैफुद्दीन और शरीफुल इस्लाम ने दो-दो विकेट लिए। बांग्लादेश ने 18.5 ओवर में दो विकेट पर 153 रन बनकर आसान और एकतरफा जीत हासिल कर ली।

नईम ने 51 गेंदों पर नाबाद 63 रन में छह चौके लगाए जबकि सरकार 45 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 50 रन बनाकर रन आउट हुए। कप्तान महमुदुल्लाह 15 रन बनाकर रन आउट हुए जबकि नुरुल हसन आठ गेंदों में 16 रन बनाकर नाबाद लौटे। सरकार को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

## क्या तीसरा वनडे मैच खेलेंगे हार्दिक हार्दिक पांड्या? भुवनेश्वर कुमार ने फिटनेस को लेकर दिया जरूरी अपडेट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और श्रीलंका के बीच तीसरा वनडे मैच शुक्रवार को आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में हार्दिक पांड्या को खेलने को लेकर संशय बना हुआ है। दूसरे वनडे में कुछ तकलीफ में दिखे। उन्होंने भारत की तरफ से चार ओवर फेंके और 20 रन दिए। भारतीय टीम के उपकप्तान और तेज गेंदबाज भुवनेशन्र कुमार ने हार्दिक की फिटनेस को लेकर किसी भी तरह की चिंता से इनकार किया। भारत के सीरीज जीतने के बाद भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि जितना मैं जानता हूं, कोई परेशानी या चिंता नहीं है। इसलिए, मुझे यकीन है कि वह ठीक है।

हार्दिक पांड्या की बॉलिंग फिटनेस भारत के लिए चिंता का विषय रही है। पांड्या ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में बिल्कुल भी गेंदबाजी नहीं की और केवल एक बल्लेबाज के रूप में खेले। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में कुछ मैचों में बॉलिंग की। आईपीएल 2021 के स्थगित होने से पहले उन्होंने एक भी मैच में मुंबई इंडियंस की तरफ से गेंदबाजी नहीं की। हार्दिक ने श्रीलंका के खिलाफ मौजूदा वनडे सीरीज में गेंदबाजी में वापसी की। उन्होंने अब तक दो मैचों में 9 ओवर फेंके हैं।लक्ष्मण शिवरामकृष्णन ने हिंदुस्तान टाइम्स से कहा कि लंबे समय के बाद, हमें एक तेज गेंदबाज ऑलराउंडर मिला है जो टीम को संतुलित करता है। हमारे पास तेज गेंदबाज नहीं हैं जो अच्छी बल्लेबाजी कर सके। टेस्ट स्तर पर भी हमारे तेज गेंदबाजों का बल्ले से बड़ा योगदान नहीं है लेकिन हार्दिक ऐसा कर सकते हैं। वो जल्दी से रन बना सकता है। वो विपक्षी टीम को नेस्तानाबूद कर सकता है। अगर हार्दिक पूरी तरह से फिट होते हैं, तो वह टीम के लिए एक जबरदस्त एसेट बन जाते हैं

### प्रैक्टिस मैचः रवींद्र जडेजा की फिफ्टी

## भारत ने काउंटी सिलेक्ट एक्सआई को दिया 284 रन का टारगेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रवींद्र जडेजा की फिफ्टी और मयंक अग्रवाल, चेतेश्ववर पुजारा तथा हनुमा विहारी की शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारत ने यहां खेले जा रहे तीन दिवसीय प्रैक्टिस मैच के तीसरे और अंतिम दिन गुरुवार को काउंटी सिलेक्ट इलेवन के सामने जीत के लिए 284 रनों का टारगेट रखा है।



भारत ने अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 192 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। काउंटी सिलेक्ट इलेवन ने अपनी पहली पारी में 220 रन का स्कोर बनाया था, जबकि भारत ने अपनी पहली पारी में 311 रनों का स्कोर बनाया था और इस तरह उसके पास 91 रनों की लीड थी।

टीम इंडिया के लिए जडेजा के 51 रनों के अलावा मयंक अग्रवाल ने 47, हनुमा विहारी ने नाबाद 43 और चेतेश्वर पुजारा ने 38 रन बनाए। काउंटी सिलेक्ट इलेवन की ओर से जैक कार्सन को दो सफलता हाथ लगी। भारत के लिए पहली पारी में केएल राहुल ने सेंचुरी जड़ी थी। उन्होंने 101 रन बनाए थे। उनके अलावा जडेजा पहली इनिंग में भी 75 रनों की दमदार पारी खेली थी।

इससे पहले, उमेश यादव और मोहम्मद सिराज ने अपनी जबरदस्त गेंदबाजी से भारतीय टीम मैनजमेंट की टेंशन बढ़ा दी। मैच के दूसरे दिन सिराज ने 2 तो उमेश ने तीन विकेट अपने नाम किए। उमेश खासतौर पर बेहतरीन लय में नजर आए और उन्होंने विपक्षी टीम के कप्तान को क्लीन बोल्ड किया। उमेश-सिराज ने घातक गेंदबाजी करके इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है। मोहम्मद सिराज और उमेश यादव की शानदार गेंदबाजी के आगे काउंटी सिलेक्ट इलेवन की टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक टीम ने 9 विकेट खोकर 220 रन बना लिए थे और टीम उसी स्कोर पर आलआउ हो गई।

### दीपक चाहर ने बताया क्यों सिर्फ इंद्रानगर नहीं बल्कि पूरे इंडिया के 'गुंडे' हैं राहुल द्रविड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मशहूर रहे हैं। हाल में उनको लेकर एक ऐड आया था, जिसमें उनको गुस्सा करते हुए दिखाया गया था। उस ऐड में द्रविड़ बैट से गाड़ी पर हमला करते दिखे थे और बाद में चिल्लाते हुए कहा था, 'मैं इंद्रानगर का गुंडा हूं।' यह ऐड खूब वायरल हुआ था और अभी तक इसकी चर्चा होती रहती है। द्रविड़ इस समय टीम इंडिया के हेड कोच के तौर पर श्रीलंका के दौरे पर हैं। भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की सीरीज का दूसरा वनडे इंटरनेशनल मुकाबला 20 जुलाई को खेला गया था, जिसमें भारत ने तीन विकेट से जीत दर्ज की थी। दीपक चाहर ने नॉटआउट 69 रनों की पारी खेलकर भारत को यह जीत दिलाई थी। तीसरे वनडे से पहले दीपक चाहर ने कहा कि द्रविड़ सिर्फ इंद्रानगर के नहीं बल्कि पूरे इंडिया के गुंडे हैं।चाहर ने कहा, 'राहुल द्रविड़ सिर्फ इंडिया का गुंडा नहीं है, पूरे इंडिया का बन गए हैं।

## सुरेश रैना के 'मैं भी ब्राह्मण' वाले कमेंट के सपोर्ट में उतरे 1983 वर्ल्ड कप विनिंग टीम के सदस्य कीर्ति आजाद, कहा- आपत्ति कैसी भाई?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना को अपने जातिवादी कमेंट को लेकर सोशल मीडिया पर काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। रैना ने हाल में तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) मैच में कमेंट्री करते हुए कहा था कि वह एक ब्राह्मण हैं और इसी वजह से उनको चेनन्ई की संस्कृति को अपनाने में ज्यादा मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ा। अपने इस बयान को लेकर रैना अब विवादों में घिरते जा रहे हैं। हालांकि इसी बीच, 1983 वर्ल्ड कप विनिंग टीम के सदस्य कीर्ति आजाद ने रैना का सपोर्ट किया है। रैना इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेनन्ई सुपर किंग्स टीम की तरफ से ही खेलते हैं और वहां के लोंग रैना को चिनन थाला के नाम से पुकारते हैं।



आजाद ने ट्विटर पर लिखा, ' मैं भी ब्राह्मण हूं। आपत्ति कैसी भाई?।' पूर्व क्रिकेटर ने जाति को लेकर अपने एक दूसरे ट्वीट में कहा, ' मुझे जाति प्रमाण पत्र रखने और आरक्षण का लाभ लेने वालों से कोई समस्या नहीं है। मेरे ब्राह्मण पर गर्व करने पर किसी को आपत्ति क्यों होनी चाहिए? हिंदुओं के घरों में सभी सनातनी अनुष्ठान और कर्म कांड ब्राह्मण द्वारा किए जाते हैं। नफरत क्यों? मैं भी ब्राह्मण।'इससे पहले, रैना से जब कमेंट्री के दौरान दक्षिण भारतीय संस्कृति को अपनाने को लेकर सवाल पूछे गए तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा, ' मुझे लगता है, मैं भी ब्राह्मण हूं। मैं 2008 से चेनन्ई में खेल रहा हूं। मुझे यहां कि संस्कृति और अपने साथियों से बहुत प्यार है। मैं अनिरुद्ध श्रीकांत के साथ खेल चुका हूं। सुब्रमण्यम बद्रीनाथ और एल बालाजी भी हैं। मुझे चेनन्ई की संस्कृति पसंद है। मैं भाग्यशाली हूं कि मैं सीएसके का हिस्सा हूं। सुरेश रैना ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत ही चेनन्ई सुपर किंग्स के साथ की थी और वह अभी भी इसी टीम का हिस्सा हैं। उन्होंने पिछले साल 15 अगस्त को महेंद्र सिंह धोनी के रिटायरमेंट लेने के कुछ समय बाद ही इंटरनेशनल क्रिकेट संन्यास ले लिया था।

## आकाश चोपड़ा ने बताया, टीम इंडिया में अपनी जगह पक्की करने के लिए मनीष पांडे को क्या करना होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि मनीष पांडे को टीम इंडिया में लंबे समय तक मिडिल ऑर्डर में अपनी जगह पक्की करने के लिए सेंचुरी बनानी होगी। मनीष पांडे ने जून 2015 में डेब्यू कर लिया था। इसके बावजूद वो अभी तक 28 वनडे मैच ही खेल सके हैं। वो भारतीय टीम में अभी तक अपनी जगह पक्की नहीं कर पाए हैं। वो डेब्यू के बाद टीम से अंदर बाहर होते रहे हैं।आकाश चोपड़ा चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल में अपलोड किए गए वीडियो में कहा,' पांडे जी(मनीष पांडे) को अपने आखिरी मैच में सेंचुरी बनानी होगी अगर उन्हें टीम में अपनी स्थिति मजबूत करनी है। इस वक्त वो थोड़ा ढलान पर हैं। वो एक बहुत अच्छे प्लेयर हैं। हम सभी उन्हें काफी पसंद करते हैं क्योंकि जब वो मैदान में होते हैं तो अपना 110 प्रतिशत देते हैं। डाइव लगाते हैं। वो भारत के बेहतरीन फील्डर्स में से एक हैं।'



आकाश चोपड़ा ने पहले मैच में अपना वि केट फेंकने के लिए मनीष पांडे की आलोचना की। चोपड़ा ने इस पर बात करते हुए कहा,' उन्होंने दोनों वनडे में ठीक-ठाक बल्लेबाजी की है। वह पहले वनडे में खराब शॉट खेलते हुए आउट हुए थे। यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में मुझे बुरा लगा क्योंकि उन्हें भारतीय वनडे बल्लेबाजी लाइनअप में नंबर 4 का स्थान दिया गया है। ये किसी को नहीं मिलता क्योंकि अच्छे खिलाडि.यों की इतनी लंबी सूची है। पहले वनडे मैच में 26 रन बनाकर आउट हुए थे। दूसरे वनडे में मनीष पांडे दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हो गए और एक बार फिर बड़ी पारी नहीं खेल पाए। ऐसे में आकाश चोपड़ा को उम्मीद है कि वो तीसरे मैच में रन बनाएंगे।

### दीपक चाहर ने बताया कैसे धोनी ने सिखाया उन्हें मैच फिनिश करना

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका के खिलाफ दूसरे एक वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट मैच में बैट के कमाल से भारत को जीत दिलाने वाले तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने कहा कि उन्होंने लक्ष्य का पीछा करने की आर्ट महेंद्र सिंह धोनी से सीखी है। चाहर ने आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए नॉटआउट 69 रन बनाए। 276 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया ने एक समय 193 रनों तक सात विकेट गंवा दिए थे। चाहर ने इसके बाद भुवनेश्वर कुमार के साथ मिलकर टीम इंडिया को मैच में वापसी दिलाई और टीम इंडिया को सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। चाहर ने कहा, 'धोनी का मुझ पर गहरा असर है। सिर्फ चेनन्ई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ ही नहीं बल्कि शुरू से हमने देखा है कि कैसे वह करीबी मैच जिताते थे। वह हमेशा मुझसे कहते हैं कि मैच आखिर तक ले जाना तुम्हारे हाथ में है और अगर तुम ऐसा कर सके और तुम्हारे पास ओवर हों तो मैच रोमांचक हो सकता है।' उन्होंने तीसरे वनडे से पहले कहा, 'तो मैं वही कर रहा था। मैच को आखिरी ओवर तक खिंचना था।

सीएसके के लिए धोनी की कप्तानी में खेल चुके चाहर ने कहा कि वह टी20 वर्ल्ड कप के बारे में नहीं सोच रहे हैं, लेकिन बल्ले से खुद को साबित करने की उन्हें खुशी है। उन्होंने कहा, 'टी20 वर्ल्ड कप अभी काफी दूर है। मेरा लक्ष्य यही है कि जब भी मौका मिले, मैं खुद को साबित करूं। चाहे बल्ले से या गेंद से।

## आईओए का ऐलान, ओलंपिक में गोल्ड जीतने वाले खिलाड़ी को मिलेंगे 75 लाख रुपये

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन (आईओए) ने गुरुवार को घोषणा की कि वह टोक्यो ओलंपिक खेलों के स्वर्ण पदक विजेता को 75 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देगा। इसके अलावा प्रत्येक भागीदार राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) को बोनस के तौर पर 25 लाख रुपये देगा। आईओए की सलाहकार समिति ने रजत पदक विजेताओं को 40 लाख रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को 25 लाख रुपये देने की घोषणा की है।

आईओए ने बयान में कहा, ''इसमें टोक्यो ओलंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को एक लाख रुपये देने की भी सिफारिश की गयी है।' आईओए ने इसके साथ ही प्रत्येक भागीदार एनएसएफ को 25 लाख रुपये और पदक विजेता एनएसएफ को 30 लाख रुपये का अतिरिक्त सहयोग देने के समिति के निणय्र को स्वीकार किया है। इसके अलावा अन्य राष्ट्रीय खेल महासंघों में से प्रत्येक को 15 लाख रुपये का सहयोग मिलेगा। आईओए महासचिव राजीव मेहता ने कहा, 'पहली बार आईओए पदक विजेताओं और उनके एनएसएफ को पुरस्कृत करने जा रहा है।


सलाहकार समिति ने भारतीय दल के प्रत्येक सदस्य के लिये टोक्यो प्रवास के दौरान प्रतिदिन 50 डॉलर का भत्ता देने की भी सिफारिश की है।' आईओए ने इसके साथ ही कहा कि सदस्य राज्य ओलंपिक संघों में से प्रत्येक को राज्य में बुनियादी खेल ढांचे को विकसित करने और अधिक खिलाडि.यों को खेलों से जोड़ने के लिये 15 लाख रुपये दिए जाएंगे।

### ओलंपिक शुरू होने से एक दिन पहले टोक्यो में कोविड-19 के करीब 2000 मामले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टोक्यो में गुरूवार को पिछले छह महीने से सबसे ज्यादा कोरोना वायरस संक्रमण के मामले दर्ज किये जबकि एक दिन बाद ओलंपिक खेल शुरू होंगे। इससे ओलंपिक खेलों के दौरान संक्रमण की स्थिति खराब होने की चिंता बढ़ गयी हैं। गुरूवार को 1,979 नये मामले दर्ज किये गये जो 15 जनवरी को दर्ज किये गये सर्वाधिक 2,044 मामलों के बाद सबसे ज्यादा मामले हैं। प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा ने 12 जुलाई को टोक्यो में 22 अगस्त तक कोरोना आपात स्थिति लगायी थी, लेकिन इसके बावजूद तब से रोज के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

## टोक्यो ओलंपिक 2020: तीरंदाज दीपिका पर होंगी नजरें, पुरानी बुरी यादों को भुलाना चाहेगा भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय तीरंदाज शुक्रवार को यहां रैंकिंग राउंड के साथ टोक्यो ओलंपिक अभियान शुरू करेंगे और पिछले ओलंपिक प्रदर्शन की कड़वी यादों को भुलाना चाहेंगे। भले ही महिला टीम क्वालीफाई करने में असफल रहीं हो लेकिन दीपिका कुमारी, अतनु दास, तरूणदीप राय और प्रवीण जाधव की चौकड़ी इस खेल में देश को पहला ओलंपिक पदक दिलाने की उम्मीद के साथ टोक्यो पहुंची है। इनमें सबसे ज्यादा उम्मीदें दास और दीपिका की पति पतनि की जोड़ी से लगी है जो पेरिस विश्व कप की मिक्सड डबल इवेंट की तरह का जादू युमेनोशिमा पार्क में बिखेरना चाहेगी जहां पर शनिवार को यह स्पर्धा खेलों में डेब्यू करेगी।



वर्ष 1988 खेलों के बाद भारत ने इस खेल में कई चैम्पियन दिये हैं जिसमें लिम्बा राम और फिर डोला बनर्जी ने सभी स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीते लेकिन ओलंपिक में ऐसा नहीं कर सके। जयंत तालुकदार 2006 में दुनिया के दूसरे नंबर के तीरंदाज बने थे जबकि डोला बनर्जी ने 2007 में विश्व चैम्पिय बनकर उम्मीदें बढ़ा दी थीं लेकिन बीजिंग 2008 में ये सभी विफल रहे।इसके बाद दीपिका ने 15 साल की उम्र में 2009 युवा विश्व चैम्पियनशिप जीतकर आकर्षित किया और फिर अगले साल नयी दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में दो स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाले। लेकिन लंदन 2012 में वह पहले दौर में ही बाहर हो गयी और पूरी भारतीय टीम कोई प्रभाव डालने में विफल रही। इसके चार साल रियो डि जिनेरियो में कोई सुधार नहीं हुआ। लगातार तीसरे ओलंपिक में हिस्सा ले रही दो बार की नंबर एक तीरंदाज दीपिका पिछले दो ओलंपिक के प्रदर्शन को देख चुकी हैं। पांच साल बाद रांची की यह तीरंदाज अपनी शानदार फार्म में है और हाल में पांच विश्व कप स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।



## ऑस्ट्रेलिया फुटबाल टीम ने अर्जेंटीना को 2-0 से हराकर किया बड़ा उलटफेर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक मेंस फुटबॉल चैम्पियन अर्जेंटीना को गुरुवार को टोक्यो खेलों के शुरूआती मैच में आस्ट्रेलिया से 0-2 से हारकर उलटफेर का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल टीम 2008 के बाद पहला ओलंपिक खेल रही है।

उसने लाचलान वेल्स के 14वें मिनट में किये गये गोल से बढ़त हासिल कर ली। माकी टिलियो ने सब्सटीटयूट के तौर पर उतरने के एक ही मिनट बाद 80वें मिनट में टीम के लिए दूसरा गोल कर दिया और टीम ने जीत हासिल की।

ऑस्ट्रेलिया ग्रुप सी में मिस्र और स्पेन से ऊपर टॉप पर है। अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने 2004 और 2008 ओलंपिक में गोल्ड अपने नाम किये हैं। ऑस्ट्रेलिया का बेस्ट प्रदर्शन 1992 में चौथे स्थान पर पहुंचना रहा था।

## हांगकांग क्रिकेट टीम का कैप्टन एजान खान गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हांगकांग क्रिकेट टीम का कप्तान एजाज खान मुसीबत में फंस गए हैं। हांगकांग पुलिस ने एक बीमा कंपनी के साथ कथिततौर पर धोखाधड़ी करने के आरोप में उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। ऑलराउंडर एजाज खान को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट (एससीएमपी) की रिपोर्ट की मुताबिक, एजाज खान पर तीन मिलियन हांगकांग डॉलर (करीब



2.80 करोड़ रुपये) के धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप है। खबरों में कहा गया है कि नेशनल टीम के कप्तान ने एक्सीडेंट में चोटिल होकर कंपनी से पैसों का क्लेम किया था, जबकि वह कई क्रिकेट टूर्नामेंटों में खेलते हुए पाए गए थे।

एससीएमपी ने हांगकांग पुलिस के एक सीनियर इंसपेक्टर के हवाले से कहा, ' उन्होंने (एजाज खान) क्लेम किया कि एक्सीडेंट में उन्हें जो चोटें आई हैं, उससे उनकी काम करने की क्षमता खत्म हो गई है। हालांकि, हमारी जांच से पता चला कि अपना इनकम जारी रखने के लिए उन्होंने 10 या उससे अधिक खेल टूर्नामेंटों में भाग लेना जारी रखा। इसके बाद उन पर बीमा कंपनी से मुआवजे के रूप में बड़ी रकम की धोखाधड़ी करने का संदेह था कप्तान एजाज खान ने हांगकांग के लिए अब तक 19 वनडे मैच खेले हैं। वह भारत के खिलाफ 2018 में खेले गए एशिया कप में टीम का हिस्सा थे। उन्होंने उस मैच में आठ ओवर में 41 रन देकर एक विकेट चटकाए थे। हालांकि बल्लेबाजी में वह खाता खोले बिना आउट हो गए थे और भारत ने उस मैच को 26 रनों से जीता था।

मोदी सरकार की मंत्री मीनाक्षी लेखी बोलीं-

# दिल्ली में प्रदर्शनकारी किसान नहीं, मवाली है, टिकैत ने दिया जवाब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी सरकार में हाल ही में मंत्री बनाई गई मीनाक्षी लेखी ने दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे किसानों को मवाली कह डाला है। उन्होंने कहा है कि जो प्रदर्शन कर रहे हैं वे किसान नहीं है। नई दिल्ली सीट से सांसद मीनाक्षी लेखी ने 26 जनवरी को लाल किले पर हुई हिंसा का जिक्र करते हुए यह भी कहा है कि प्रदर्शनकारियों का राजनीतिक एजेंडा है। मीनाक्षी लेखी के इस विवादित बयान को लेकर सोशल मीडिया पर हंगामा मचने लगा है और कई यूजर्स लेखी के इस्तीफे की मांग करने लगे हैं। उधर, टिकैत ने मवाली कहे जाने पर कहा कि किसानों के लिए इस तरह की बात नहीं कहनी चाहिए। पेगासस जासूसी को लेकर संसद में हुए हंगामे पर बीजेपी की ओर





से प्रेस कॉन्फ्रेंस करने आईं मीनाक्षी लेखी ने एक सवाल के जवाब में कहा, ''सबसे पहले तो उन्हें किसान कहना बंद कीजिए, क्योंकि वे किसान नहीं है, वे षड्यंत्रकारी लोगों के हत्थे चढ़े हुए कुछ लोग हैं, जो लगातार किसानों के नाम पर ये हरकतें कर रहे हैं। किसानों के पास समय नहीं है, जंतर-मंतर आकर बैठने का, वह अपने खेत में काम कर रहा है। ये आढ़तियों के द्वारा चढ़ाए गए लोग हैं, जो चाहते नहीं कि किसानों को फायदा मिले।

एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा जो कुछ 26 जनवरी को हुआ वह भी शर्मनाक था, और विपक्ष द्वारा इस तरह की चीजों को बढ़ावा दिया गया। एक बार फिर जब पत्रकारों की ओर से किसानों को लेकर सवाल किया गया तो मीनाक्षी ने कहा, ''आपने फिर उन्हें किसान कहा, मवाली हैं वे। भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने कहा, ''मवाली वे हैं, जो कुछ नहीं करते हैं। किसानों के लिए इस तरह की बात कहना ठीक नहीं है। हम किसान हैं, मवाली नहीं। किसान अनन्दाता है।'' किसान नेता शिव कुमार कक्का ने कहा, ''इस तरह का बयान 80 करोड़ किसानों का अपमान है। यदि हम मवाली हैं, मीनाक्षी लेखी को हमारे द्वारा उपजाए अनाज को खाना बंद कर देना चाहिए। उन्हें शर्म आनी चाहिए। हमने उनके बयान की आलोचना करते हुए 'किसान संसद' में प्रस्ताव पास किया है।संसद में मानसून सत्र के बीच केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों ने मध्य दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर गुरुवार को प्रदर्शन किया। पुलिस ने मध्य दिल्ली के चारों ओर सुरक्षा बढ़ा दी है और वाहनों की आवजाही पर कड़ी नजर रखी जा रही है। दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने अधिकतम 200 किसानों को नौ अगस्त तक जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने की अनुमति दे दी है। संसद भवन इससे कुछ ही मीटर की दूरी पर है। पुलिस की सुरक्षा के साथ 200 किसानों का एक समूह बसों में सिंघू बॉर्डर से जंतर-मंतर पहुंचे। किसान यहां अपनी पहचान उगागर करने वाले बैज पहने और हाथ में अपनी यूनियनों के झंडे लिए हुए नजर आए।

ऑक्सीजन की कमी से मौत नहीं: कोर्ट पहुंचा मामला

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया के खिलाफ याचिका दायर

**मुजफ्फरपुर (एजेंसी)।** ऑक्सीजन से कोई मौत नहीं होने के बयान का मामला अब अदालत पहुंच चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और राज्य स्वास्थ्य मंत्री भारती प्रवीण के खिलाफ मुजफ्फपुर की सीजेएम की कोर्ट में गुरुवार को परिवाद दाखिल किया गया।

अदालत ने सुनवाई के लिए 28 जुलाई की तारीख तय की है। अहियापुर के भिखनपुरा निवासी तमनन हाशमी ने अपने अधिवक्ता सुरज कुमार के माध्यम से परिवाद दर्ज कराया है। इसमें राज्यमंत्री भारती प्रवीण के बयान पर आपत्ति जताई गई है। साथ ही कहा है कि उनके गांव में ही कई लोगों की जान वेंटिलेटर और ऑक्सीजन की कमी के कारण चली गई। शिकायतकर्ता ने राज्यमंत्री के बयान को गैर-जिम्मेदाराना बताया है। कोर्ट ने परिवाद को स्वीकार कर लिया है। इस मामले की सुनवाई 28 जुलाई



को होगी। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने मंगलवार को संसद में बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से ऐसी कोई सूचना नहीं मिली कि कोरोना की दूसरी लहर में ऑक्सीजन की कमी से कोई मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्री से सवाल पूछा गया था कि क्या ऑक्सीजन की कमी से कोविड-19 के मरीज़ों की बड़ी संख्या में सड़क पर और अस्पतालों में मौत हुई थी। राज्यसभा में सरकार ने बताया कि राज्य और केंद्र शासित प्रदेश कोरोना से होने वाली मौतों की जानकारी नियमित आधार पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को देते हैं। लेकिन किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश ने ऑक्सीजन की कमी से होने वाली मौत को लेकर जानकारी नहीं दी है।स्वास्थ्य मंत्रालय ने ये भी बताया कि पहली लहर के मुकाबले दूसरी लहर में मेडिकल ऑक्सीजन की मांग काफ़ी बढ़ गई थी। पहली लहर में जहां 3,095 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की मांग थी।

## मीडिया दफ्तरों पर इनकम टैक्स की छापेमारी, विपक्ष ने बताया लोकतंत्र पर हमला तो सरकार ने दिया जवाब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मीडिया समूह 'दैनिक भास्कर' और टीवी न्यूज चैनल 'भारत समाचार' के दफ्तरों पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की छापेमारी को लेकर मचे हंगामे और विपक्ष की घेरेबंदी के बीच सरकार ने इस मामले पर जवाब



दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि एजेंसियां अपना काम कर रही हैं और इसमें कोई दखल नहीं है। मोदी सरकार में हाल ही कैबिनेट मंत्री बनाए गए अनुराग ठाकुर कांग्रेस उन आरोपों को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे, जिनमें विपक्षी पार्टी की ओर से कहा जा रहा है कि लोकतंत्र की आवाज घोंटने के लिए छापेमारी की जा रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा, ''एजेंसियां अपना काम कर रही हैं और इसमें कोई दखल नहीं है।'' उन्होंने यह भी कहा कि किसी को पहले पूरी जानकारी लेनी चाहिए और कई बार ऐसे मामले आते हैं जो सच से काफी दूर होते हैं। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने गुरुवार को मीडिया समूह दैनिक भास्कर और उत्तर प्रदेश आधारित हिंदी न्यूज चैनल भारत समाचार के दफ्तरों पर कई शहरों में छापेमारी की। टैक्स चोरी के आरोपों को लेकर यह छापेमारी की गई है। हालांकि, विपक्ष ने इसे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर प्रहार बताया है। संसद के दोनों सदनों में भी विपक्ष ने इस मुद्दे को लेकर नारेबाजी की।

# पूर्व सदस्य जिला पंचायत सुधीर कुमार साहू बऊआ ने मनाया सांसद प्रयागराज डॉ रीता बहुगुणा जोशी का जन्मदिन

अखंड भारत संदेश

**जारी/प्रयागरा।** गुरुवार को पूर्व सदस्य जिला पंचायत प्रयागराज तथा सांसद प्रतिनिधि प्रतापगढ़ सुधीर कुमार साहू बउआ के जारी आवास पर पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवम वर्तमान सांसद प्रयागराज आदरणीया डॉ रीता बहुगुणा जोशी दीदी का जन्मदिन अपने सभी शुभचिंतकों के साथ धूमधाम से कोविड गाइडलाइंस का पालन करते हुए मिठाई खिलाकर मनाया गया।

जन्मदिन उत्सव कार्यक्रम में सुधीर कुमार साहू बउआ के आवास पर कमलेश मिश्रा गड़ैया, बजरंग बहादुर सिंह,मोहम्मद तैयब, मोहित यादव, घनश्याम चौधरी, नीरज श्रीवास्तव, सुबोध



साहू, सुभाष, राजीव,गोलू, सूरज,मंगला, देवआर्यन, अभिनव, अविरल ,एंजल साहू , राजीव साहू, मामू जी, विनोद शर्मा, अन्नू, राजा, गोलू, सूरज केशरवानी, देवा केशरवानी,बंटू सिंह, तेन सिंह, दिलीप आदिवासी ,प्रदीप पाल, डॉ डी एन पाल, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित हो आदरणीया सासंद प्रयागराज डॉ रीता बहुगुणा जोशी को जन्मदिन की बधाई के साथ साथ ईश्वर से उनके स्वस्थचित्त आनन्द और दीर्घायु की मंगलकामना किये।

## केंद्र को जीएसटी ट्रिब्यूनल जल्द गठन का निर्देश देने की मांग, सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अपीलीय न्यायाधिकरण के गठन की मांग करते हुए एक याचिका दायर की गई है। याचिका पर जल्द सुनवाई होने की उम्मीद है।



इसमें कहा गया है कि केंद्रीय वस्तु एवं सेवा अधिनियम के अस्तित्व में आने के चार साल बाद भी न्यायाधिकरण का गठन नहीं किया गया है। याचिका में दावा किया गया है कि अधिकरण की अनुपस्थिति में पीडि़त नागरिक संबंधित उच्च न्यायालयों का दरवाजा खटखटाने के लिए विवश हैं और इससे उच्च न्यायालयों पर भी काम का बोझ बढ़ा है।

अधिवक्ता अमित साहनी द्वारा दायर जनहित याचिका में कहा गया है, 'अपील न्यायाधिकरण के न होने के कारण वादियों को उचित समय के भीतर न्याय नहीं मिल पाता है और इससे देश भर में वादियों को अत्यधिक कठिनाई हो रही है।' याचिका में कहा गया है कि अपीलीय न्यायाधिकरण की राष्ट्रीय और अन्य पीठों का गठन वक्त की मांग है और इसे अनिश्चित काल तक टाला नहीं जा सकता।

बनेगी बात या और बिगड़ेंगे हालात? कृषि मंत्री बोले-

# खुले मन से किसानों से बात को तैयार लेकिन रखी यह शर्त

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन पर डटे किसानों और केंद्र सरकार के बीच बातचीत को लेकर एक बार फिर से उम्मीद जगी है। दरअसल, केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने गुरुवार को एक बार फिर कहा कि सरकार आंदोलनकारी किसान संगठनों के साथ खुले मन से चर्चा के लिए तैयार है और सरकार किसानों की समस्याओं का समाधान करेगी। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर किसान कानूनों को लेकर बिंदुवार तरीके से अपनी समस्याएं लेकर आएं सरकार तभी उनसे बात करेगी। केंद्रीय मंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब किसान संगठनों ने गुरुवार से ही जंतर-मंतर पर किसान संसद शुरू की है। इसके तहत हर दिव 200



किसान जंतर-मंतर पर जुटेंगे और सांसदों की तरह ही बिलों पर चर्चा करेंगे। केंद्रीय मंत्री के इस बयान के बाद एक बार फिर से यह आशा की जा सकती है कि ठंडे बस्ते में जा चुकी दोनों पक्षों की वार्ता फिर शुरू हो जाएगी। कृषि मंत्री ने संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा,'सरकार आंदोलनकारी किसान संगठनों के साथ खुले मन से चर्चा के लिए तैयार है। किसान संगठनों को कृषि सुधार कानूनों के जिन प्रावधानों पर आपत्ति है उसे बताएं, सरकार उसका समाधान करेगी। उन्होंने कहा कि कृषि सुधार कानूनों से किसानों की आय में वृद्धि होगी और व्यपारियों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।

## वंदे भारत मिशन: कोरोना की वजह से विदेशों में फंसे 61 लाख नागरिकों को वापस लाई सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना महामारी की वजह से विदेशों में फंसे नागरिकों को देश वापस लाने के लिए शुरू किए गए 'वंदे भारत मिशन' के तहत सरकार करीब 61 लाख नागरिकों की घर वापसी करा चुकी है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को राज्यसभा में दी। मंत्रालय ने लिखित जवाब में बताया है कि 30 अप्रैल 2021 तक



कुल 60,92,264 भारतीयों को देश वापस लगाया गया है। पिछले साल की शुरुआत में जब कोरोना महामारी ने चीन के बाहर पैर पसारना शुरू किया तो दुनिया के अधिकतर देशों ने सख्त लॉकडाउन और पाबंदियों की घोषणा की। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर पाबंदियां लगा दी गईं। ऐसे में दुनिया के कई देशों में लाखों भारतीय फंस गए। सरकार ने इन्हें वापस लाने के लिए 'वंदे भारत मिशन' की शुरुआत की थी और दुनिया के अलग-अलग कोनों से विशेष विमानों के जरिए लोगों को वापस लाया गया था। हालांकि, यात्रियों को इसका किराया वहन करना पड़ा था। विदेश मंत्रालय ने यह भी बताया है कि कोरोना संक्रमण की वजह से 35 सौ से अधिक भारतीय नागरिकों की विदेशों में मौत हो गई। मंत्रालय ने कहा है कि विदेशों में स्थित मिशनों और पोस्ट्स के जरिए दी गई जानकारी के मुताबिक, विदेशों में 3570 भारतीयों की मौत कोरोना की वजह से हुई है।

# जंतर-मंतर पर किसान संसद के दौरान पत्रकार पर हमला, कैमरा स्टैंड से हाथ पर मारा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कृषि कानूनों के खिलाफ आज से जंतर-मंतर पर शुरू हए आंदोलन के दौरान मीडियाकर्मियों से मारपीट का मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यहां प्रदर्शन के दौरान एक वीडियो जर्नलिस्ट पर हमला किया गया। मीडियाकर्मी को इलाज के लिए पास के ही राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने हमलावर को पकड़ा लिया है लेकिन अभी तक उसकी पहचान जाहिर नहीं हुई है।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक समाचार चैनल के वीडियो जर्नलिस्ट के ऊपर जंतर-मंतर पर कैमरा स्टैंड से एक शख्स ने हमला किया, जिसमें उन्हें कुछ चोटें भी आईं। हमला वहां हुआ, जहां से सभी मीडियाकर्मी प्रदर्शन कवर कर रहे थे। हालांकि, इसी दौरान एक शख्स ने वीडियो जर्नलिस्ट के ऊपर कैमरा स्टैंड से हमला कर दिया, जिसमें उनके हाथ से खून बहने लगा। पत्रकार को प्राथमिक इलाज के लिए यहां से आरएमएल अस्पताल ले जाया गया।

बता दें कि किसानों ने आज से जंतर-मंतर पर 'किसान संसद' शुरू की है। यह प्रदर्शन 13 अगस्त तक यानी संसद के मॉनसून सत्र खत्म होने तक चलेगा। किसानों ने ऐलान किया है कि तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन के लिए वे इस दौरान रोज स्पीकर और डिप्टी स्पीकर चुनेंगे और साथ में अहम बिलों पर चर्चा करेंगे। इस दौरान हर दिन जंतर-मंतर पर 200 किसानों का जमावड़ा लगेगा।

आज केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने भी एक बार फिर से यह दोहराया कि सरकार किसानों के साथ खुले मन से बातचीत को तैयार है। उन्होंने कहा कि यदि किसान बिंदुवार तरीके से कानून में मौजूद समस्याएं सरकार को बताएं तो सरकार उनका समाधान करेगी।

## पेगासस पर लगे आरोपों की जांच के लिए इजरायल ने बनाई कमिटी, भारत समेत कई देशों में है बवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इजरायल में बने पेगासस सॉफ्टवेयर से जासूसी की खबर आने के बाद पूरी दुनिया में बवाल मचा हुआ है। एनएसओ ग्रुप द्वारा बनाए गए इस सॉफ्टवेयर से जासूसी की लिस्ट में भारत के भी कई प्रमुख नाम



सामने आए हैं। इन सबके बीच इजरायल ने मामले की जांच के लिए कमेटी बना दी है। इजरायली संसद के विदेश व रक्षा समिति के प्रमुख ने गुरुवार को इस बात की घोषणा की। राम बेन बराक ने इस बारे में आर्मी रेडियो से कहा, एक विभिनन्न ग्रुपों वाला रिव्यू कमीशन बैठाया गया है। एक बार जब इनका रिव्यू पूरा हो जाएगा तो इसके बाद हम रिजल्ट्स पर गौर करेंगे। इजरायली जासूसी एजेंसी मोसाद के पूर्व उपप्रमुख ने रह चुके राम बेन ने कहाकि परिणाम आने के बाद देखेंगे कि कहां पर सुधार की गुंजाइश है। गौरतलब है कि पेगासस सॉफ्टवेयर के जरिए दुनिया के 14 राष्ट्र प्रमुखों के अलावा, पत्रकारों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के फोन की जासूसी करने का दावा किया गया है। एमनेस्टी इंटरनेशनल और पेरिस के फॉरबिडेन स्टोरीज को मिली 50 हजार टारगेट्स की लिस्ट में इनके नंबर्स भी शामिल हैं। वहीं पेगासस को बनाने वाले एनएसओ का कहना है कि यह लिस्ट पेगासस के पोटेंशियल टारगेट्स की लिस्ट नहीं है। एनएसओ के चीफ एग्जीक्यूटिव शैलेव हुलिया ने आर्मी रेडियो को बताया कि हमें इस बात की बहुत खुशी है कि मामले की जांच हो रही है।

# तालिबान के जरिए अफगान में आग लगाने वाले पाक को भी है जलने का खतरो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में हिंसा और क्रूरता के दम पर तालिबान ने अब तक बड़ी तबाही मचाई है। अफगानिस्तान के कई हिस्सों पर अब तालिबान का कब्जा है। अफगानिस्तान के कई शीर्ष नेता यह साफ कह चुके हैं कि तालिबान की जीत से पाकिस्तान काफी खुश है और वो तालिबानियों को मदद भी कर रहा है। तालिबान के जरिए अफगानिस्तान में आग लगाकर पाकिस्तान भले ही अभी जशन मना रहा हो लेकिन इस आग में पाकिस्तान के चलने का खतरा भी बहुत ही ज्यादा है। सबसे बड़ा खतरा यह है कि अगर पाकिस्तान के पड़ोसी और युद्ध ग्रस्त अफगान में विद्रोहियों ने कब्जा कर लिया तब उग्रवाद को बढ़ावा देने को लेकर पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मंच पर बिल्कुल अकेला पड़ सकता है।

पाकिस्तान में बसे कट्टरपंथी बरसों से तालिबान को सपोर्ट करते आए हैं। अब यह कट्टरपंथी इस कल्पना में जी रहे हैं कि उनके तालिबानी संबंध काबुल में सुरक्षित रहेंगे। अफगानिस्तान में तालिबान



की जीत पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए बड़ा खतरा है। अगर भविष्य में इस आतंकवादी संगठन पर पाकिस्तान किसी भी तरह का दबाव बनाता है तो तालिबान आसानी से पाकिस्तान के अंदरुनी इलाकों पर हमला कर सकता है और इससे आर्थिक रूप से टूट चुके पाकिस्तान में युद्ध छिड़ने के भी आसार बन सकते हैं।

मशहूर पत्रकार हुसैन हक्कानी का मानना है कि पाकिस्तान के कई आलोचकों ने भविष्य में पाकिस्तान के अंदर ऐसा परिदृश्य उभरने की चेतावनी दी है। लेकिन पाकिस्तानी मिलिट्री तालिबान को अपना अहम सहयोगी मानता है और उसे ऐसा लगता है कि भारत से मुकाबला करने में तालिबान उसका अहम मददगार साबित हो सकता है। अफगान के उप राष्ट्रपति अमरुल्लाह सालेह ने भी कहा ता कि तालिबान की जीत को से पाकिस्तान काफी उत्सुक है। उप राष्ट्रपति ने तालिबान की मदद करने को लेकर पाकिस्तान की आलोचना भी की है और पाकिस्तानी अधिकारियों को झूठा भी कहा है।

इसके अलावा अभी हाल ही में तहरीक-ए-तालिबान अफगानिस्तान के प्रवक्ता सुहैल शाहीन ने दो टूक कहा था कि पाकिस्तान, तालिबान पर तानाशाही नहीं चला सकता और न ही अपने विचारों को थोप सकता है।

## इक्वाडोर की जेल में खून-खराबा! 2 गुटों की लड़ाई में 18 कैदियों की मौत, 35 घायल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इक्वाडोर की दो अलग-अलग जेल में कैदियों के बीच खून-खराबे में 18 कैदियों की जान चली गई है। बताया जा रहा है कि जेल के अंदर दो गुटों के बीच हुई इस भयानक मारपीट के बाद वहां अफरातफरी का माहौल हो गया। गुरुवार को यहां अधिकारियों ने जानकारी दी है कि इक्वाडोर की दो जेलों में कैदियों के गिरोहों के बीच हुई लड़ाई में 18 की मौत हो गई और कई कैदी घायल हो गए। जेल अधिकारियों के मुताबिक, मध्य इक्वाडोर के गुआयाकील और लाटाकुंगा जेल में बुधवार को हिंसा भड़क उठी। लड़ाई में पुलिस के नौ अधिकारी और 35 कैदी घायल हो गए।



पुलिस ने जेल पर फिर से नियंत्रण कायम कर लिया है। पुलिस ने ट्विटर पर बताया कि लाटाकुंगा जेल से कैदियों ने भागने का प्रयास किया लेकिन 45 कैदियों को फिर से पकड़ लिया गया। आपको बता दें कि इससे पहले इक्वाडोर में एक जेल में गिरोहों के बीच जून में हुई लड़ाई में दो की मौत हो गई थी और 11 कैदी घायल हो गए थे।

इससे पहले इसी साल फरवरी में इक्वाडोर की जेल में हुई लड़ाई में करीब 80 कैदी मारे गए थे। उस वक्त कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया था कि जेल में हुई हिंसा पर काबू पाने के लिए 800 सुरक्षाकर्मियों की मदद ली गई थी।